

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 13 सितंबर 2025 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-06 ■ वर्ष -41 ■ अंक-167 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 14 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव बाल-बाल बचे

**मंदसौर,13सितंबर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। वह मंदसौर स्थित गांधी सागर अभयारण्य में हॉट एयर बैलून एक्टिविटी के लिए पहुंचे थे, जहां उनके बैलून में अचानक आग लग गई।घटना के वक्त मुख्यमंत्री बैलून के अंदर ही मौजूद थे, लेकिन समय रहते उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने सतर्कता दिखाते हुए उन्हें तुरंत बाहर निकाल लिया। इसके बाद आग पर काबू पा लिया गया और कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

जानकारी के मुताबिक, गांधी सागर अभयारण्य हर साल बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करता है। शनिवार सुबह मुख्यमंत्री मोहन यादव भी यहां हॉट एयर बैलून की सवारी करने पहुंचे थे। बैलून में बैठते ही उसके निचले हिस्से में तकनीकी गड़बड़ी के कारण आग लग गई। हालांकि सुरक्षाकर्मियों की तत्परता से स्थिति को तुरंत संभाल लिया गया और मुख्यमंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस घटना के बाद प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, भविष्य में इस तरह की गतिविधियों के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा उपायों और तकनीकी जांच को अनिवार्य बनाया जाएगा, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल मुख्यमंत्री का कार्यक्रम जारी है और वह अन्य तय कार्यक्रमों में भी शामिल हो रहे हैं।

### बादल फटने से तबाही; मलबे में दबीं कई गाडियां

**बिलासपुर ।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। शनिवार सुबह बिलासपुर जिले की उप तहसील नम्होल के गांव गुतराहन में बादल फटने की घटना सामने आई, जिससे क्षेत्र में भारी तबाही हुई। इससे 10 से ज्यादा गाडियां मलबे में दब गई। भारी बारिश के बाद जगह जगह लैंडस्लाइड से कई किसानों की जमीन भी बह गई है। वहीं, मंडी जिला के धर्मपुर के सपड़ी रोह गांव में भी सुबह चार बजे पहाड़ी से बड़ा लैंडस्लाइड हो गया।

# मणिपुर की जनता के जज्बे को सलाम करता हूं : मोदी

## विकास के लिए शांति जरुरी

**इंफाल,13 सितंबर।** नॉर्थईस्ट में मिजोरम और मणिपुर के लोगों के लिए शनिवार का दिन काफी बड़ा दिन है. इस दिन प्रधानमंत्री कई सारे प्रोजेक्ट की शुरुआत करने जा रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने मिजोरम को हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात दी. मिजोरम की राजधानी आइजोल से उन्होंने तीन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई. अब नॉर्थईस्ट का यह महत्वपूर्ण राज्य नेशनल कैपिटल दिल्ली से सीधे जुड़ गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिजोरम के बाद मणिपुर के चुराचांदपुर पहुंच चुके हैं. बताया जा रहा है कि इंफाल में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है.

आइजोल से आनंद विहार राजधानी एक्सप्रेस मिजोरम के लिए वरदान से कम नहीं है. यह सप्ताह में एक दिन चलेगी और 2510 किलोमीटर का सफर 45 घंटे 30 मिनट में पूरा करके दिल्ली पहुंचेगी. इस ट्रेन की एवरेज स्पीड 57.8 1 किलोमीटर प्रति घंटे होगी. दूसरी ट्रेन सैरंग से कोलकाता के बीच चलेगी. यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन चलेगी. कोलकाता से सैरंग के बीच की 1530 किलोमीटर की दूरी 31.15 घंटे में पूरी होगी. यह ट्रेन सप्ताह में शनिवार, मंगलवार और बुधवार को चलेगी. इस ट्रेन की एवरेज स्पीड 48.96 किलोमीटर प्रति घंटे होगी. पीएम मोदी ने एक और ट्रेन का हरी झंडी दिखाई. यह ट्रेन सैरंग से गुवाहाटी के बीच चलेगी. यह ट्रेन सैरंग से दिन में 12:30 बजे प्र" स्थान करेगी और आधी रात के बाद 2:30 बजे गुवाहाटी पहुंच जाएगी. इसके साथ ही एक मालगाड़ी भी सैरंग से निकलेगी जहां पर देश के दूसरे हिस्सों से जरूर की बुनियादी चीज सैरंग आएगी, जिससे कि आइजोल में कीमतें कम होगी. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सैरंग में सीमेंट, छड़ इत्यादि लेकर ट्रेन आएगी, जिससे कि इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट (जो कुछ भी मिजोरम के आइजोल में चल रही है) में गति आएगी. इससे चीजों की कीमतें भी कम होंगी.

पूर्वोत्तर को कनेक्ट करने के लिए पिछले 11 सालों से कड़ी मेहनतः पीएम मोदी

पिछले ग्यारह वर्षों से हम पूर्वोत्तर के विकास के लिए कार्यरत हैं. यह क्षेत्र भारत का विकास इंजन बन रहा है. वर्षों से पूर्वोत्तर के कई राज्यों ने भारत के रेल मानचित्र पर स्थान प्राप्त किया है. पहली बार ग्रामीण सड़कें और राजमार्ग, मोबाइल कनेक्टिविटी, इंटरनेट कनेक्टिविटी, बिजली, नल का पानी, और



एलपीजी कनेक्शन का विस्तार किया गया है. भारत सरकार ने सभी प्रकार की कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत की है. मिजोरम को हवाई यात्रा के लिए उदान योजना से भी लाभ मिलेगा. बहुत जल्द, यहां हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू हो जाएंगी. यह मिजोरम के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार करेगा.

**मणिपुर को हजारों करोड़ का प्रोजेक्ट-** प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे मणिपुर की राजधानी इंफाल सीधे नहीं जा रहे हैं. इसके बजाय वे पहले चुराचांदपुर गए. इसके बाद पीएम मोदी इंफाल जाएंगे. चुराचांदपुर कुकी समुदाय का गढ़ है. यह वह जिला है जहां सबसे अधिक हिंसा हुई थी. हिंसा में कम से कम 260 लोग मारे गए थे. हजारों लोग बेघर हो गए थे. प्रधानमंत्री मोदी चुराचांदपुर जाकर संदेश देना चाहते हैं. प्रधानमंत्री मोदी यहां विस्थापित लोगों से मिलेंगे. वे 7,300 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की नींव रखेंगे. चुराचांदपुर के बाद प्रधानमंत्री मोदी इंफाल जाएंगे. इंफाल मैतेई समुदाय का प्रमुख क्षेत्र है. वहां वे 1,200 करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ करेंगे. पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर के लोगों के जज्बे को सलाम करता हूं। यहां की संस्कृति में बड़ा सामर्थ्य है। मणिपुर के नाम में ही मणि है। यहां कई परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है। मैं मणिपुर के लोगों को इन परियोजनाओं के लिए बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर की धरती साहस और वीरता की धरती है। मैंने सड़क पर जो दृश्य देखे, उसके लिए मैं ईश्वर का धन्यवाद करता हूँ कि आज मेरा हेलीकॉप्टर काम नहीं कर रहा था। जिस तरह से मैंने मणिपुर के युवाओं और बुजुर्गों को हाथों में तिरंगा लिए देखा, मैं इस पल को जीवन में कभी नहीं भूल सकता। पीएम मोदी बोले, मणिपुर बॉर्डर से सटा राज्य है। यहां कई चुनौती रही हैं। अच्छी सड़कें न होने से जो परेशानी आपको आई है। उसे हम दूर करेंगे। मैंने मणिपुर की कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए कहा। हमने मणिपुर में रेल और रोड का बजट बढ़ाया। शहरों के साथ गांवों तक सड़कें पहुंचाने पर जोर लगाया। यहां नेशनल हाईवे पर 3700 करोड़ रुपये खर्च किए गए। 8700 करोड़ से नए हाईवे पर काम चल रहा है।

# 1 करोड़ की इनामी महिला नक्सल कमांडर सुजाता ने किया सरेंडर, बस्तर में था आतंक

**बीजापुर,13सितंबर।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव और लगातार हो रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन को देखते हुए एक करोड़ की इनामी कुख्यात महिला नक्सली सुजाता ने आखिरकार सरेंडर कर दिया। छत्तीसगढ़ के नक्सल मोर्चे में इन दिनों सुरक्षा बलों की भारी दहशत है। ऐसे में सुजाता के सरेंडर से बस्तर संभाग में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे



मुहिम के बीच माओवादियों संगठन को एक और बड़ा झटका लगा है। सुजाता दक्षिण बस्तर में कई वर्षों से एक्टिव थी और नक्सलियों के दक्षिण सब जोन ब्यूरो इंचार्ज रह चुकी है। सुजाता पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

**कुख्यात नक्सली कमांडर किशनजी की पत्नी है सुजाता-**पुलिस सूत्रों के मुताबिक सुजाता ने तेलंगाना में सरेंडर किया है। उसके सरेंडर से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। यह सरेंडर नक्सल संगठन का मनोबल गिराने वाला साबित होगा। खास बात यह है कि सुजाता कुख्यात नक्सली कमांडर किशनजी की पत्नी है, जो कुछ साल पहले पश्चिम बंगाल में मुठभेड़ के दौरान मारा गया था। सरेंडर करने वाली सुजाता खुद सीसी मेंबर है और कई राज्यों में उस पर लाखों का इनाम घोषित है।

**सुजाता दक्षिण बस्तर में सक्रिय रही-** पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सुजाता लंबे समय से छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में सक्रिय रहकर बड़े हमलों की साजिश रचने में शामिल रही है। सुजाता के सरेंडर को छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म करने के अभियान को बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस बार बरसात में भी ऑपरेशन चलाया जा रहा है और एनकाउंटर में लगातार शीर्ष माओवादी मारे जा रहे हैं।

**माओवादी संगठन को लगातार झटका-** छत्तीसगढ़ में माओवादी संगठनों को एक के बाद एक लगातार झटके मिल रहे हैं। दो दिन पहले छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में पुलिस एनकाउंटर में 10 नक्सली मारे गए थे, जिसमें एक करोड़ का इनामी नक्सली सीसी मेंबर मनोज उर्फ बालकृष्ण भी शामिल था। गरियाबंद में मारे गए सभी 10 नक्सलियों रुपये 2.40 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। वहीं एक दिन पहले बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया था। नक्सलियों की पहचान हिड़मा पोड़ियाम और मुन्ना मड़कम के रूप में हुई थी। दोनों पर 8-8 लाख रुपये का इनाम घोषित था। मुठभेड़ स्थल से एक 303 रायफल, एक नग 12 बोर बंदूक सहित विस्फोटक सामान और प्रतिबंधित नक्सल संगठन के अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

### मुठभेड़ में 16 लाख के इनामी 2 नक्सली ढेर

बीजापुर. बासागुड़ा थाना और गंगालूर थाना की सीमा पर शुक्रवार को नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में जवानों ने बड़ी सफलता हासिल की. जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया था.



नक्सलियों की पहचान हिड़मा पोडियम और मुन्ना मड़कम के रूप में हुई है. दोनों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था. बीजापुर मुठभेड़ में मारे गए नक्सली हिड़मा पोडियम (34 वर्षीय) पीपीसीएम कंपनी नम्बर 02 का सदस्य था. जिसपर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित था. वहीं दूसरा नक्सली मुन्ना मड़कम (25 वर्षीय) नंबर 01 सदस्य थे. यह भी 8 लाख रुपए का इनामी था. मुठभेड़ स्थल से दो पुरूष माओवादियों के शव, 1 नग – 303 रायफल, 1 नग – 12 बोर बंदूक, 4 नग – जिंदा राउण्ड, बैटरी, कार्डेक्स वायर, स्केनर सेट सहित विस्फोटक सामग्री और प्रतिबंधित नक्सल संगठन के अन्य सामान बरामद किए गए.

# अंबेडकर अस्पताल में हुआ विदेशी युवती का सफल ऑपरेशन

**रायपुर,13 सितंबर।** प्रदेश का सबसे बड़ा पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं इससे संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय लगातार अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं से न केवल प्रदेश और देश बल्कि विदेशों से आए मरीजों का भी भरोसा जीत रहा है. अनुभवी डॉक्टरों की टीम एवं उपचार प्राप्त करने की सरलतम प्रक्रिया के कारण यह अस्पताल सर्वाधिक विश्वसनीय संस्थान के रूप में अपनी पहचान व्यापक स्तर पर दर्ज कर चुका है. इसी क्रम में हाल ही में अस्पताल के जनरल सर्जरी विभाग में रवांडा की 20 वर्षीय युवती के लेफ्ट ब्रेस्ट के बेनाइन फाइब्रो एपिथीलियल ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया गया. जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह के नेतृत्व में हुए इस ऑपरेशन की विशेषता यह रही कि ब्रेस्ट के ट्यूमर को निकालने के बाद मरीज के भावी जीवन, विशेषकर मातृत्व अवस्था पर इस सर्जरी का कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा. डॉ. मंजू सिंह के अनुसार वर्तमान में युवती पूरी तरह ठीक है और उसे अस्पताल से छुट्टी भी दी जा रही है. ऑपरेशन के संदर्भ में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि एक 20 वर्षीय विदेशी युवती लेफ्ट ब्रेस्ट में दर्द की समस्या के साथ अस्पताल के ब्रेस्ट क्लिनिक में आई थी. जहां पर जांच के बाद पता चला कि उसके ब्रेस्ट में बिनाइन फाइब्रो एपिथेलियल ट्यूमर है. मरीज की बायोप्सी हुई. उसके बाद ब्रेस्ट की कॉस्मेसिस मेंटेन करते हुए ऑपरेशन किया गया . ब्रेस्ट के ट्यूमर एवं उसके आसपास के टिश्यू को हटाते हुए वाईड लोकल एक्सीजन किया गया. इस बात का ध्यान रखा गया कि ब्रेस्ट के शेप और साइज में कोई अंतर नहीं आये. साथ ही साथ सर्जरी के बाद निशान भी दिखाई नहीं दे. चि कि त सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के लिए यह गर्व की बात है कि यहाँ न केवल देश बल्कि विदेश से भी मरीज उपचार हेतु आ रहे हैं और स्वस्थ होकर लौट रहे हैं. जनरल सर्जरी विभाग द्वारा युवती का सफल उपचार हमारी चिकित्सा टीम की दक्षता, निष्ठा और समर्पण का प्रमाण है. मैं पूरी टीम को इस सफलता के लिए बधाई देता हूँ और विश्वास दिलाता हूँ कि हमारा संस्थान आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करता रहेगा.''



# दिल्ली हाईकोर्ट के बाद ताज पैलेस में बम धमाके की धमकी, मचा हड़कंप

**नई दिल्ली,13 सितंबर।** दिल्ली में स्कूलों और हाई कोर्ट में बम धमाके की धमकी के बाद अब दिल्ली के ताज पैलेस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ताज पैलेस को धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। जांच शुरू कर दी। जांच के बाद बम निरोधक दस्ते को ताज पैलेस परिसर में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर इसे अफवाह घोषित कर दिया गया। हालांकि, इस मामले की जांच की जा रही है और ईमेल भेजने वाले की तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली में स्थित ताज पैलेस को धमकी भरा मेल मिला है, जिसमें बम धमाके की बात कही गई है।




इससे पहले शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट परिसर में बम की धमकी दी गई थी, जिसके बाद हड़कंप मच गया था। मामले की सूचना मिलने के बाद परिसर को खाली करवाया गया था और जांच के बाद को संदिग्ध चीज नहीं मिली थी। इसके बाद दिल्ली हाई कोर्ट परिसर के लोगों ने राहत की सांस ली। दिल्ली हाई कोर्ट को मिली बम की धमकी के बाद हड़कंप मच गया था। इस दौरान वकीलों और कर्मचारियों में भय का माहौल दिखा था। धमकी मिलने के बाद बम निरोधक दस्ता ऐक्शन में आया और पूरे हाई कोर्ट परिसर की तलाशी ली गई थीं। इस दौरान किसी तरह की संदिग्ध चीज ना मिलने पर उसे फर्जी करार दिया गया था।

# न्यूड पार्टी पोस्टर से पूरे शहर में हड़कंप,दो हिरासत में

**रायपुर,13 सितंबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सोशल मीडिया पर वायरल हुए विवादित न्यूड पार्टी पोस्टर ने पूरे शहर में हड़कंप मचा दिया है। इस पोस्टर में पार्टी में लड़के-लड़कियों को शराब लेकर आने और अश्लील गतिविधियों में शामिल होने का खुला आमंत्रण दिया गया था। अब इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। जानकारी के मुताबिक, इस मामले से जुड़े दो युवक आज अपनी सफाई देने रायपुर एसएसपी कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया है। फिलहाल दोनों से क्राइम ब्रांच ऑफिस में गहन पूछताछ की जा रही है।

**कांग्रेस ने किया कड़ा विरोध-**पोस्टर वायरल होने के बाद से ही राजनीतिक प्रतिक्रिया भी तेज हो गई है। कांग्रेस नेताओं ने इसे लेकर खुलकर विरोध जताया है। उनका कहना है कि रायपुर जैसे सांस्कृतिक और शांत शहर में इस प्रकार की अश्लील पार्टियों को किसी भी हाल में होने नहीं दिया जाएगा। कांग्रेस ने सरकार और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसे आयोजनों को तुरंत रोका जाए और जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

**अलग-अलग नामों से प्रचारित हुआ पोस्टर-** बता दें कि मेटा के सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर @sinful_writer1 नामक अकाउंट से न्यूड पार्टी का आपत्तिजनक विज्ञापन जारी किया गया है। इन पोस्टरों में पार्टी का प्रचार अलग-अलग नामों से किया गया है। इनमें 'न्यूड पार्टी' और 'स्ट्रेंजर हाउस पार्टी' (Stranger House Party) शामिल हैं। स्ट्रेंजर हाउस पार्टी की तारीख 21 सितंबर बताई गई है और उसमें प्रतिभागियों से खुद की शराब लाने के लिए कहा गया है। हालांकि, पार्टी का स्थान और आयोजकों के नाम अब तक सामने नहीं आए हैं।

**गृहमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ने दी प्रतिक्रिया-** मामले पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि हमारा देश संतों और परंपराओं का देश है। गंगा-यमुना जैसी पवित्र नदियों की धरती पर इस तरह के आयोजन पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। वहीं, गृहमंत्री और डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि यदि कोई इस तरह का आयोजन करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस की जांच जारी-**एसएसपी लाल उमेद सिंह ने पहले ही साफ कर दिया था कि रायपुर पुलिस ऐसे आयोजनों की अनुमति किसी भी हाल में नहीं देगी। अब, दो युवकों की गिरफ्तारी के बाद जांच और भी तेज हो गई है। क्राइम ब्रांच की टीम वायरल पोस्टर से जुड़े सभी डिजिटल अकाउंट्स की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले की पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी और जिम्मेदार लोगों पर कानूनी कार्रवाई होगी।

**लोगों में खलबली, सोशल मीडिया पर चर्चा-** वायरल पोस्टर के बाद रायपुर शहर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। सोशल मीडिया पर लोग इस घटना को लेकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अब सबकी निगाहें पुलिस की जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे साफ हो सकेगा कि यह वास्तव में किसी अश्लील पार्टी का आयोजन था या केवल सोशल मीडिया पर सनसनी फैलाने की कोशिश।

### चार बार के सीएम का लंबी बीमारी के बाद निधन

**शिलांग,13 सितंबर।** मेघालय के वरिष्ठ नेता और चार बार के मुख्यमंत्री डोनवा डेथवेल्सन लपांग का शुक्रवार शाम शिलांग के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे और लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। लपांग अपने पीछे पत्नी अमेथिस्ट लिंडा जोन्स ब्लाह और दो संतानें छोड़ गए हैं। मेघालय सरकार ने सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार करने की घोषणा की है। 10 अप्रैल 1932 को जन्मे लपांग ने 1972 में नोंगपोह सीट से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार राजनीतिक पारी की शुरुआत की थी। उन्होंने 1992 से 2010 तक चार बार मुख्यमंत्री पद संभाला।

# कभी भी हो सकता है राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान, रेस में 4 मंत्रियों के नाम

**नई दिल्ली,13 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी कई महीनों से राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को टालती आ रही है। इसका सबसे बड़ा कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ शीर्ष भाजपा नेतृत्व के तल्ख रिश्ते को माना जा रहा है। हालांकि, बीते कुछ महीनों से दोनों ही तरफ से संबंधों को सामान्य करने और दिखाने की कोशिशें की जा रही हैं। आरएसएस और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने ही इसकी जिम्मेदारी संभाली है। इसके बाद अब इस बात की संभावना जताई जा रही है कि भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम का ऐलान पार्टी कभी भी कर सकती है। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरएसएस की जरूरत को लेकर बयान दिया तो हर कोई अचरज में पड़ गया। सूत्रों का कहना है कि आरएसएस को भी यह बात नागवार गुजरी। इसका खामियाजा भगवा पार्टी को लोकसभा चुनाव में देखने को मिला, जब भाजपा 240 सीटों पर सिमट कर रह गई, जबकि उसने पूरे चुनाव प्रचार के दौरान 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया था। कहा जाता है कि संघ के कार्यकर्ताओं ने इस चुनाव में अनमने ढंग से भाजपा का साथ दिया था। आपको बता दें कि नड्डा ने कहा था कि भाजपा को अब संघ की जरूरत नहीं रह गई है।

15 अगस्त को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किला से देश को संबोधित कर रहे थे, तब उन्होंने आरएसएस की तारीफ करते हुआ इसे दुनिया का सबसे बड़ा एनजीओ बताया। इसके बाद मोहन भागवत ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आरएसएस के एक कार्यक्रम में साफ शब्दों में कहा था कि राजनीति हो या समाज सेवा इसमें रिटायरमेंट की कोई उम्र नहीं होती है। इससे पहले संघ प्रमुख ने ही कहा था कि 75 साल की उम्र में लोगों को खुद से रिटायर हो जाना चाहिए। आपको बता दें कि इसी साल प्रधानमंत्री 75 साल के होने वाले हैं।



आरएसएस की प्रशंसा करने वालों में प्रधानमंत्री मोदी ही अकेले नहीं हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमिता शाह ने भी हाल ही में कई मौकों पर आरएसएस की सराहना की है। उन्होंने साफ-साफ कहा है कि उन्हें स्वयंसेवक होने पर गर्व है। आरएसएस का कार्यकर्ता होना किसी भी कीमत पर निगेटिव पॉइंट नहीं हो सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि किसी भी स्वयंसेवक को तब तक नहीं रुकना है जब तक कि भारत फिर से महान नहीं बन जाता है। भाजपा के दोनों दिग्गज नेताओं और आरएसएस चीफ के बयान से भाजपा और संघ के बीच रिश्ते सामान्य होने के संकेत मिल रहे हैं। अब इस बात की प्रबल संभावना है कि दोनों ही संगठन मिलकर जल्द ही भाजपा के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर अंतिम मुहर लगा सकते हैं। हालांकि संघ न कई मौकों पर कहा है कि सरकार या भाजपा के कार्यों में आरएसएस का हस्तक्षेप नहीं होता है। आरएसएस और भाजपा के बीच सामान्य हुए रिश्तों में कई दावेदारों के नाम की चर्चा होने लगी है। उनमें सबसे पहला नाम शिवराज सिंह चौहान का आता है, जो कि वर्तमान केंद्र सरकार में मंत्री हैं। वहीं, नितिन गडकरी के नाम पर भी अंदरखाने चर्चा होने लगी है। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और घर्मेंद्र प्रधान का नाम भी रेस में शामिल होने की चर्चा है। भाजपा अक्सर अपने फैसलों से सियासी पंडितों को चौंकाती रही है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन बनता है।

## एक नजर

### हेलमेट नहीं पहने वाले के खिलाफ कार्रवाई



**भिलाई, 13 सितंबर।** भिलाई यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर से कार्रवाई कर रही है। बिना हेलमेट वालों पर सख्ती दिखाते हुए 2 दिन में 250 चालान कर 1 लाख 12 हनहार रुपए वसूल किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर भिलाई के मुरगा चौक से लेकर सेक्टर-9 चौक तक की सेंट्रल एवेन्यू रोड को ग्रे स्पॉट चिन्हित कर इसे कम्पल्सरी हेलमेट वियरिंग जोन घोषित किया गया है। इसलिए विशेष टीम गठित कर चालानी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर नो हेलमेट, नो पेट्रोल नीति के प्रभावी क्रियान्वयन कराया जा रहा है। ट्रैफिक टीआई पुष्पेन्द्र भट्ट ने अपनी टीम के साथ पेट्रोल पंप में जा कर चेकिंग की जो लोग हेलमेट नहीं पहने थे। उनके खिलाफ कार्रवाई की ।

### चाकू कटर दिखाकर लोगों से मोबाइल छीनने वाले 6 नाबालिग गिरफ्तार



**भिलाई, 13 सितंबर।** भिलाई चाकू और कटर दिखाकर लोगों से मोबाइल छीनने वाले 6 नाबालिग सहित 9 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है इन आरोपियों ने 14 मामलों में मोबाइल की लूटपाट की लोगों पर प्राणघातक हमले का प्रयास किया संदिग्धों की धरपकड़ और सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने इन आरोपियों तक पहुंची जानकारी के मुताबिक भिलाई नगर के 4, मोहन नगर के 1, स्मृति नगर चौकी के 1, वैशाली नगर के 1, खुर्सीपार के 2, जामुल के 1, जेवरा सिरसा के 3 मामलों में इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 3 आरोपियों की पहचान के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया इन आरोपियों में टिल्लू उर्फ कुनाल, आलम और अनुज एवं 6 नाबालिग शामिल हैं। आरोपियों से 4 मोबाइल, 2 चाकू, 1 कटर, 3 दो पहिया वाहन को जब्त किया है।

### युवक ने की आत्महत्या की कोशिश

**भिलाई, 13 सितंबर।** भिलाई सगाई टूटने पर एक युवक ने स्वयं के गले में ब्लेड मारकर आत्महत्या करने की कोशिश की।युवक की 6 माह पहले ही सगाई टूटी थी मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है



नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि वार्ड - 2 अहिवारा निवासी भूपेन्द्र कुमार सेन (30 साल ) नंदिनी पुलिस कर रही जांच, चलाता था किराने की दुकान किराना दुकान चलाता था युवक की लाश घर के बाथरूम में खून से लथपथ पड़ी हुई मिली खून से लथपथ बाथरूम में पड़ा हुआ था परिजनों ने पुलिस को बताया कि भूपेंद्र घर के नीचे फ्लोर पर किराना दुकान चलाता था वह घर के बाथरूम में गया भीतर से दरवाजा बंद कर लिया काफी देर तक बाहर न निकलने पर परिवार को संदेह हुआ परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो भूपेंद्र खून से लथपथ जमीन पर पड़ा मिला सूचना मिलते ही नंदिनी थाने पुलिस मौके पर पहुंचे, पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए भेज दिया परिजनों के मुताबिक भूपेंद्र की सगाई टूटी थी इसके बाद से ही वह तनाव में रहने लगा था यही उसकी आत्महत्या की वजह मानी जा रही है। फिलहाल जांच के बाद आत्महत्या का असली कारण पता चल पाएगा भूपेंद्र अपने माता-पिता और 2 भाइयों के साथ रहता था वह पिछले कुछ दिनों से चुपचाप रहने लगा था दुकान में काम पर भी पहले जैसी रुचि नहीं ले रहा था ।

### सामाजिक समरसता के क्षेत्र में कार्य करने पर अखिल भारतीय महाराजा अग्रसेन सम्मान

**दुर्ग,13 सितंबर।** राज्य शासन ने सामाजिक समरसता यथा सभी वर्गों में समभाव, सौहार्द, समाज सेवा को स्थाई कार्य जैसे अस्पताल, धर्मशाला, पेयजल, स्वच्छता एवं सामाजिक विकास के अन्य स्थाई स्वरूप के कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने, सामाजिक चेतना का अच्छा वातावरण विकसित करने के योगदान को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से ''अखिल भारतीय महाराजा अग्रसेन सम्मान'' की स्थापना की है। वर्ष 2025 के लिए उक्त पुरस्कार प्राप्त करने के लिए एक व्यक्ति के चयन हेतु सर्वसंबंधितों से 22 सितम्बर 2025 शाम 5.30 बजे तक प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त पुरस्कार की राशि 2 लाख रूपए चयनित व्यक्ति को नगद, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जायेगी। उक्त पुरस्कार राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा चयन होने पर ही दिया जाएगा। पुरस्कार हेतु प्रविष्टि हेतु अपेक्षाओं की पूर्ति आवश्यक होगी। जिनमें व्यक्ति का पूर्ण परिचय, सामाजिक समरसता यथा सभी वर्गों में समभाव, सौहार्द, समाज सेवा के स्थाई कार्य जैसे अस्पताल, धर्मशाला, पेयजल, स्वच्छता एवं सामाजिक विकास के अन्य स्थाई स्वरूप के कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने, सामाजिक चेतना का अच्छा वातावरण विकसित करने के क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए किए गए कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी, देना शामिल है।

निगम एमआईसी ने लिए अहम निर्णय

# शहर में बैनर-होर्डिंग पर रोक, मदर्स मार्केट 30 साल की लीज पर, गोकुल नगर में बनेगा बायोगैस प्लांट

**भिलाई, 13 सितम्बर ।** नगर पालिक निगम भिलाई की महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता और आयुक्त राजीव कुमार पांडेय की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में आठ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। बैठक में सबसे अहम निर्णय शहर में अवैध होर्डिंग और बैनर पर पूरी तरह रोक लगाने का रहा। महापौर और सभी पार्षदों ने एकमत होकर कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि का फोटो शहर में नहीं लगाया जाएगा। इससे शहर को इंदौर की तर्ज पर स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकेगा। विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन और महापौर ने भी इसके लिए जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखने का सुझाव



दिया। साथ ही, मदर्स मार्केट (प्रगति कॉम्पलेक्स) की दुकानों को 30 साल की लीज पर देने का निर्णय लिया गया। इसके लिए इच्छुक पक्षों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाएगी। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए गए–स्थायी लीज पर प्राप्त भूमि के हस्तांतरण/नामांतरण/प्रकाशन शुल्क निर्धारण को मंजूरी। बीएसपी क्षेत्र के वार्डो की सफाई अब नगर पालिक निगम करेगा (सीवरेज सफाई को छोड़कर)। गोकुल नगर में बायोगैस प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिसका संचालन व रखरखाव ठेकेदार स्वयं अपने व्यय से करेगा। नगर निगम उद्यानों के रखरखाव में सामाजिक संस्थाओं को जोड़ा जाएगा। बदले में वे उद्यानों में अपने समाज का प्रतीक चिन्ह स्थापित कर सकेंगी। जल कार्य विभाग हेतु कुशल, अर्ध कुशल व अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने की मंजूरी। सेवानिवृत्त इलेक्ट्रीशियन उमेश निर्मलकर को एक वर्ष का कार्य विस्तार। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर सहित अपर आयुक्त राजेंद्र सिंह दोहरे, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व मैत्री दिवस पर जैन समाज में विविध कार्यक्रम 14 को



**भिलाई नगर।** जैन ट्रस्ट, जैन मिलन और जैन महिला क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मैत्री दिवस का आयोजन 14 सितंबर को जैन भवन सेक्टर-6 में किया जा रहा है। जैन मिलन द्वारा पर्यूषण पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, धार्मिक तंबोला, फैंसी ड्रेस, डांडिया, जैन अंताक्षरी और एकल भजन प्रतियोगिता की प्रस्तुतियाँ दी गईं। विश्व मैत्री दिवस के अवसर पर इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सम्मान समारोह, खेलकूद प्रतियोगिता, वात्सल्य मिलन भोज, पारितोषिक वितरण किये जायेंगे। जैन ट्रस्ट के उपमंत्री एवं जैन मिलन के प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व मैत्री दिवस का आयोजन समाज की एकजुटता और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनेगा। इस आयोजन में जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष अरविंद जैन, जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश जैन, मंत्री संजय चतुर, कोषाध्यक्ष जिनेंद्र जैन सहित समिति सदस्यों ने समाजजनों से आग्रह किया है ।

# निगम क्षेत्र में होगी सड़क, पौधरोपण और साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था: आयुक्त

**भिलाई,13 सितम्बर।** नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन क्रमांक-5 स्थित श्रीराम चौक का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर परिषद सदस्य सीजू एन्थोनी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बताया कि नागरिकों की मांग पर रोड निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है।

स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को आवश्यक निर्देश दिए। साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को ध्यान में रखते हुए सड़क किनारे 100 से अधिक पौधे लगाने के निर्देश उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को दिए गए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पुरानी सीवरेज पाइप लाइन जर्जर होने से



जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। नागरिकों की मांग पर नया सीवरेज पाइप लाइन डाला गया है। आयुक्त ने कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह द्वारा कराए गए इस कार्य का स्थल पर निरीक्षण किया और संतोष व्यक्त किया।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कवर्धा, 13 सितंबर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तुर्रे सर के आदेशानुसार, डि पी एम मैम के मार्ग दर्शन बी एम ओ डॉक्टर पुरषोत्तम राजपूत सर के नेतृत्व में रजत जयंती वर्ष महोत्सव अंतर्गत भोरमदेव शक्कर कारखाना रामहेपुर बोड़ला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कारखाना में कार्य करने वाले का स्वास्थ्य जांच परीक्षण किया गया जिसमें कुल ओ पी डी 242, नेत्र जाँच 45,लेब जाँच 101, बी पी जाँच 242, सुगर जाँच 218, टी बी सस्पेक्टेड 10, एच आई बी जाँच 95, एच बी जाँच 76 ,सिकल सेल जाँच 75,मलेरिया जाँच 75 तथा 22 लोगों का मेन्टल हेल्थ काउंसिलिंग किया गया।स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर



मुकुल राजपूत चिकित्सा अधिकारी बोड़ला , डॉक्टर अर्पिता पटेल नेत्ररोग विशेषज्ञ कवर्धा, मानिक चंद्रवंशी सुपरवाइजर, विनोद चंद्रवंशी लेब टेक्नोलॉजिस्ट,छत्रपाल ठाकुर लेब टेक्नोलॉजिस्ट,भीषम कोसले नेत्र सहायक अधिकारी, अश्विन शर्मा नेत्र सहायक अधिकारी,सुश्री अंजू साहू फीडिंग डेमोस्टेटर,कु मंजू वर्मा क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट कवर्धा ,बलराम वारते ऋद्धश रामहेपुर,राजेंद्र वर्मा आर एच ओ पोंडी एवं मोबाईल मेडिकल यूनिट टीम कवर्धा, के द्वारा स्वास्थ्य शिविर में योगदान दिया गया।

# मनीष पाण्डेय ने किया 50 फिट ऊंचा भगवा ध्वजारोहण, नेत्रहीन बच्चों संग मनाया विशेष दिन

**भिलाई, 13 सितम्बर ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के कार्यसमिति सदस्य, रायपुर प्रभारी एवं श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने शनिवार को अपने जन्मदिन पर सेवा, श्रद्धा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। सुबह सेक्टर-09 चौक पर 50 फीट ऊंचे भगवा ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में राम भक्त, धार्मिक संगठन और सनातनी शामिल हुए। पाण्डेय ने कहा कि यह ध्वजारोहण केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, राष्ट्रधर्म और रामभक्ति के प्रति सामूहिक आस्था का संकल्प है। लहराता हुआ भगवा ध्वज धर्म और संस्कारों के प्रति समर्पण का प्रतीक बनकर उपस्थित जनसमूह को ऊर्जा से भर रहा था। इसके बाद उन्होंने



सेक्टर-09 स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। हर वर्ष की तरह इस बार भी वे स्नेह संपदा स्कूल (सेक्टर-08) पहुँचे, जहाँ बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया। इसी तरह नयनदीप विद्या मंदिर, सिविक सेंटर में नेत्रहीन बच्चों के साथ समय बिताया। बच्चों के आत्मीय गीतों और स्नेह ने माहौल को भावुक कर दिया। पाण्डेय ने कहा कि इन बच्चों की प्रतिभा अद्भुत है। धार्मिक और सामाजिक संगठनों को चाहिए कि इनकी कला को मंच दें। बच्चों की प्रगति और उनके चेहरे की मुस्कान ही मेरे जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार है। शाम को उन्होंने अपने निवास पर आगंतुकों, शुभचिंतकों, मातृ शक्तियों और कार्यकर्ताओं से भेंट की। सभी से मिले आशीर्वाद और शुभकामनाओं ने उन्हें नई ऊर्जा और जनसेवा का संकल्प प्रदान किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, पार्षद पीयूष मिश्रा, गिरजा बंछोर, ईश्वरी नेताम, वीणा चंद्राकर, सरिता देवी बघेल, नोहर वर्मा, मेघा कौर, गीतांजलि कौशिक, सीमा तिवारी, पिंकी सिन्हा, मुकेश अग्रवाल, धर्मेन्द्र भगत, गोल्डी सोनी, धर्मेन्द्र सिंह, रोहित साहू, मदन सेन, तिलक राज यादव, मेवालाल यादव, श्रीनिवास राव, रोहित तिवारी, आकाश सिंह, पवन कल्याण, मुकेश सिंह, गुलाब सिंह, कामदेव कर्मकार, रिंकू साहू, आकाश कमले, एम.के. सिंह, सत्येंद्र गुप्ता, आदित्य टोपा, सोनू नारंगे, स्वामी रेड्डी, तुषार चौधरी, आकाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित थे।



## देहदान के लिए सांसद विजय बघेल ने रजनीश का किया सम्मान

**भिलाई, 13 सितंबर।** सांसद विजय बघेल ने एक्टर रजनीश झांझी को देहदान का संकल्प लेने पर सम्मानित किया। सांसद ने कहा कि देहदान समाज के लिए प्रेरणादायी कार्य है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को नई दिशा मिलती है। रजनीश झांझी ने बताया कि मृत्युपरांत उनके अंग जरूरतमंदों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। उन्हें इस प्रेरणा का स्रोत स्वर्गीय आनंद अतृप्त से मिला और वर्ष 2016 में आस्था संस्था के माध्यम से उन्होंने देहदान का संकल्प लिया। इस अवसर पर उन्होंने आस्था संस्था के प्रमुख प्रकाश गेडाम और निशु पांडे का आभार व्यक्त किया।

# एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते 10 पदक



**भिलाई, 13 सितंबर।** एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने 05 से 07 सितंबर को बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में आयोजित 22वीं राज्य स्तरीय जूनियर, सब-जूनियर एवं अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 10 पदक जीतकर भिलाई का नाम रोशन किया। 12 सितंबर को कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों और प्रशिक्षक अनिरुद्ध की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में आलोक सागर, यमन लाल, देवानंद साहू और पोषण लाल ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं देवानंद साहू व विशेष सिदार ने रजत, जबकि विशेष सिदार, अनुराग एक्का, विकास निषाद और प्रांजल यादव ने कांस्य पदक अपने नाम किए। नीरज कुमार ने भी पेंटाथलॉन में चौथा स्थान हासिल किया। अकादमी ने पिछले वर्ष दिसंबर में प्रशिक्षण शुरू किया था और यह बच्चों की पहली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रही। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को भिलाई व दुर्ग जिले के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है।

### प्रदेश में अब तक 989.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर, 13 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 989.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बस्तर जिले में सर्वाधिक 1386.6 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 478.6 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 859.8 मि.मी., बलौदाबाजार में 721.8 मि.मी., गरियाबंद में 866.1 मि.मी., महासमुंद में 715.8 मि.मी. और धमतरी में 884.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

### गरबा पंडाल में भारतीय परिधान अनिवार्य, अशोभनीय कपड़ों पर बजरंग दल की चेतावनी

**भिलाई, 13 सितम्बर।** नवरात्र पर्व के अवसर पर गरबा महोत्सव को गरिमामयी और संस्कार पूर्ण बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय बजरंग दल ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। संगठन ने साफ कहा है कि माँ दुर्गा के गरबा पांडाल में प्रवेश करने वालों को भारतीय संस्कृति के अनुरूप परिधान पहनना अनिवार्य होगा। जारी गाइडलाइन के अनुसार जीन्स, टी-शर्ट, हाफ पैंट, लोअर, बारमुंडा, शर्ट एवं अशोभनीय या अंग-प्रदर्शक वस्त्र पहनकर आने वालों को पांडाल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। केवल भारतीय पारंपरिक वेशभूषा में ही प्रवेश की अनुमति होगी। संगठन ने आगाह किया है कि पांडाल परिसर में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता या असंस्कारी व्यवहार सहन नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय बजरंग दल ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे नवरात्र जैसे पावन पर्व को संस्कार पूर्ण और गरिमा के साथ मनाने में सहयोग करें। साथ ही, निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित कर आयोजन की मर्यादा बनाए रखें।

### हिन्दी दिवस के अवसर पर परिचर्चा एवं कवि गोष्ठी का आयोजन

**भिलाई, 13 सितंबर।** हिंदी राजभाषा दिवस के अवसर पर मुक्तकंठ साहित्य समिति द्वारा परिचर्चा एवं कवि गोष्ठी का आयोजन भिलाई होटल कॉफी हाउस के मल्टीपर्पस हॉल में किया गया है। रविवार 14 सितम्बर को अपराह्न 4 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी की प्राचार्य डॉ अर्चना झा होंगी एवं अध्यक्षता मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविन्द पाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीआईडी के एसपी नरेंद्र सिक्केवाल, विजिटिंग प्रोफेसर डॉ सुचित्रा शर्मा एवं सुप्रसिद्ध कथाकार एवं पत्रकार शिवनाथ शुक्ल उपस्थित रहेंगे। संचालन कवयित्री शीशलता शालू करेंगी। परिचर्चा कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का उद्बोधन होगा तत्पश्चात कविगण अपनी कविताओं का पाठ करेंगे।

### स्कूल शिक्षा ने शासकीय तामस्कर महाविद्यालय में वृहद रोजगार मेले का किया शुभारंभ

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय में शुक्रवार को वृहद रोजगार मेला 2025 का आयोजन किया गया। इस मेले का शुभारंभ राज्य के स्कूल शिक्षा, विधि एवं विधायी तथा ग्रामोद्योग मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने किया। रोजगार मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने मेले में उपस्थित युवाओं से सीधे संवाद किया और उनकी उत्सुकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय उनका पूर्व शिक्षा संस्थान रहा है और मंच पर खड़े होकर उनकी पुरानी स्मृतियां ताज़ा हो गईं।रोजगार मेले में 28 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मंत्री श्री यादव ने आठ चयनित युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र वितरित किया। साथ ही सभी चयनित युवाओं को शुभकामनाएँ दीं।

# वैशाली नगर कॉलेज में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन




**भिलाई, 13 सितंबर।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर के गृह विज्ञान विभाग में छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रीमती अलका मेश्राम ने की। इस अवसर पर सही पोषण - स्वस्थ जीवन विषय पर विशेष परिचर्चा एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजनों पर आधारित कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में छात्राओं को प्रदेश में उपलब्ध अनाज, साग-भाजी और स्थानीय भोज्य पदार्थों के पोषण मूल्य एवं बनाने की विधि की जानकारी दी गई। गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने विभिन्न व्यंजन प्रस्तुत किए और उनके पोषण संबंधी महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ में कुपोषण को दूर करने वाले आहार तत्वों के महत्व को रेखांकित करना था। आयोजन में विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती आरती दीवान, डॉ. श्रीमती मेरली राय, डॉ. श्रीमती रबिन्दर छाबड़ा, यशवंत कुमार देशमुख सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### शिक्षकीय सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव

**दुर्ग, 13 सितम्बर।** शिक्षकीय ज्ञान प्रदान करने से बड़ा पुण्य कार्य कोई दूसरा नहीं हो सकता। यह बात स्कूल शिक्षा, विधि एवं विधायी तथा ग्रामोद्योग मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शिक्षक का सम्मान वास्तव में जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है, क्योंकि गुरु से बड़ा कोई नहीं होता। संत कबीरदास के दोहे गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय में बताया गया है कि भारतीय परंपरा में गुरु को ईश्वर से पहले स्थान दिया गया है।मंत्री श्री यादव ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उन्हें शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि विभाग का कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने सबसे पहले 1122 शिक्षकों के पदोन्नति आदेश जारी किए। इसके साथ ही प्रदेश में सरकारी स्कूल अब शनिवार को सुबह संचालित होंगे, जिसका आदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश प्राप्त होते ही प्राचार्य और व्याख्याता पदों पर पदोन्नति को भी तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी।

# बघेरा टंकी से जुड़े फूटे पाईप लाईन का मरम्मत कार्य जारी

**दुर्ग, 13 सितम्बर।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत।बघेरा रेल्वे क्रासिंग के पास 400-स्रूडाया का बड़ी पाईप लाईन फूटा हुआ था।महापौर श्रीमती अलका बाघमार के मार्गदर्शन में आज नगर निगम के जलगृह विभाग द्वारा रिपेयर कार्य कराया गया इस बघेरा टंकी से जुड़े पाईप लाइन में कुछ और जगह बड़ा लिकेज है जिसके मरम्मत के लिए चरणबद्ध रूप से कार्य किया जाएगा तथा टंकी की भी सफाई कार्य जारी है साथ ही बघेरा टंकी मुख्य वाल भी लिकेज है जिसका भी संधारण कार्य किया जा रहा है।महापौर श्रीमती अल्का बाघमार के निर्देश पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लिकेज की शिकायत को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के जलगृह विभाग द्वारा क्रमवार रिपेयर मरम्मत कार्य एक्सपर्ट टीम द्वारा कराया जा रहे हैं इसी क्रम में बघेरा टंकी जो कि शहर की सबसे बड़ी पानी टंकी है जिसमें लगभग 7 से अधिक वार्डो में पानी सप्लाई होता है जहां पिछले कुछ दिनों से पाइप लाइन फूटे होने के कारण टंकी फूल नहीं भर पा रहा है जिसके कारण सप्लाई लाइन के अंतिम छोर गया नगर,राजीव नगर मठपारा रामनगर क्षेत्र में प्रेशर से पानी नहीं पहुंचने के कारण लोग परेशान थे जिसे ध्यान में रखते हुए जलविभाग प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन ने पहल करते हुए रिपेयर कार्य को प्राथमिकता से चालू करवाया और स्वयं मौके पर पहुंचकर चल रहे कार्यों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए इस अवसर पर वार्ड पार्षद ललित ढीमर उप अभियंता विनोद मांझी अन्य मौजूद थे।जल विभाग प्रभारी समिति श्रीमती लीना दिनेश देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा बोरसी पोटिया सहित बघेरा के सप्लाई लाइन की टंकियो में अनेक जगह लीकेज की शिकायत आई थी।

## संपादकीय

### डोनाल्ड ट्रंप आखिर पलटी मारी

जैसी कि उम्मीद थी ठीक वैसा ही हुआ। अभी तक भारत से खुंदक निकाल रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिर, पलटी मार गए। भारत को धो-धो कर कोस रहे ट्रंप समझ चुके हैं कि उनकी तिरछी चाल से भारत का तो जो होगा सो होगा बेइज्जती तो अमेरिका और उनकी खुद की होने वाली है। शुल्क और रूसी तेल खरीद को लेकर अमेरिका और भारत के मध्य भारी तनाव पैदा करने के बाद ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष संबंध हैं। इस पलटी को खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे के सिवा और क्या कहा जा सकता है। दोनों देशों के बीच संबंध पिछले दो दशकों में सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। अपने मित्र मोदी से मित्रता को याद करते हुए ट्रंप कहे बिना नहीं रह सके कि 'मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा..वह शानदार प्रधानमंत्री हैं। ट्रंप की इस चालबाजी को भांपते हुए भारत को गद्‌गद् होने की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने पिछले कुछ समय में भारत के साथ जो अपमानकारी हरकतें की हैं, उन्हें भारत को नहीं भूलना चाहिए। अपनी आदत से बाज न आते हुए अब भी उन्होंने यह तो कह ही दिया कि उन्हें इस समय मोदी द्वारा किए जा रहे काम पसंद नहीं आ रहे। वह इस बात से निराश हैं कि भारत रूस से बहुत ज्यादा तेल खरीद रहा है। इससे पहले ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल पर अपनी पोस्ट में कहा था, 'लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। ईर करे कि उनका भविष्य दीर्घकालिक और समृद्ध हो। ट्रंप चीन से भारत के सुधरते रिश्तों में खटास लाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के ठहाके लगाते चित्रों ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा।

इससे ट्रंप की बेचैनी बढ़ी हुई है। वह किसी भी तरह इन तीनों नेताओं में दूरी पैदा करना चाहते हैं। भारत को चाहिए कि वह बदलती वैश्विक जरूरतों में अपना फायदा देखते हुए किसी चालबाजी में न फंसे। अपनी शतरे पर व्यापार करना एक सार्वभौमिक राष्ट्र का अपना मसला है, हम किससे तेल खरीदें या न खरीदें और कितना खरीदें अमेरिका को बीच में पडऩे की जरूरत नहीं है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। छोटे बच्चों के साथ आप मौज मस्ती करते नजर आएंगे और दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं। आप काम से छुट्टी लेकर रिलैक्स रहेंगे और अपने परिवार के सदस्यों को समय देंगे। संतान को यदि कोई धन से संबंधित समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा।

**वृषभ** आज आपकी कोई अधूरी इच्छा थी, तो वह पूरी हो सकती है और आपने यदि किसी को कर्जा दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। जीवन साथी से आपके संबंधों में यदि कुछ कड़वाहट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी, लेकिन आपको अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एहतियात बरतनी होगी। आपका कोई पुराना रोग उभरेगा, जो आपको समस्या देगा। आप अपनी सेहत पर पूरा ध्यान दें। आपको किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय सोच समझ कर लेने के लिए रहेगा। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। बड़े सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने माता जी की सेहत को लेकर परेशान रहेंगे, लेकिन आपको व्यर्थ की टेंशन होगी। आपका कोई पेंडिंग पड़ा हुआ काम पूरा हो सकता है, लेकिन उसके लिए आपको मेहनत अधिक करनी होगी।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए किसी निवेश को करने के लिए रहेगा और कारोबार में आपको काम अधिक होने के कारण कुछ नए लोगों को शामिल करना पड़ सकता है और प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने पार्टनर के साथ समय व्यतीत करेंगे, जिससे दोनों को एक दूसरे को बेहतर जानने का मौका मिलेगा। आपको अपने आर्थिक मामलों पर खर्चा थोड़ा सोच समझ करना होगा और आपका किसी उतार-चढ़ाव के रहने से मन परेशान रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करने से अच्छा लाभ मिलेगा, लेकिन आप कोई जोखिम न लें, क्योंकि इससे आपकी समस्याएं बढेगी। व्यापार में आपको अपने सहयोगियों से कोई सलाह लेनी पड़ सकती है। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण थोड़ा परेशान रहेंगे। आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। धर्म कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी नए पद की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम शुरू कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। किसी वाद विवाद को लेकर आपको कानून का दरवाजा बजाना पड़ सकता है। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी।

**तुला** आज का दिन आपके लिए चिंता ग्रस्त रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़ा सावधान रहेंगे। रुपये पैसे से जुड़ा कोई लेनदेन सोच समझ कर करें। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेंगी। आपका भगवान की भक्ति में खूब मन लगेगा। जीवनसाथी की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है, लेकिन आपको योग व व्यायाम का सहारा लेकर टेंशन से छुटकारा पाने की कोशिश करनी होगी और किसी से धन उधार लेने से बचे।

**वृश्चिक** आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने बढ़ते खर्चों को नियंत्रण में करना होगा। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आएगा। दांपत्य जीवन में आपसी प्रेम बना रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। धन को लेकर यदि कोई काम आपका रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको आलस्य दिखाने से बचना होगा, नहीं तो इससे आपके कामों में रुकावट आएंगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**धनु** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको प्रमोशन मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप अपनी जिम्मेदारी को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें। यदि किसी यात्रा पर जाएं, तो वहां अपने कीमती सामानों का पूरा ध्यान रखें।

**मकर** आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा और अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे और अपने व्यवसाय में कुछ बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य को यदि आप कोई सलाह देंगे, तो वह उसे पर अमल अवश्य करेंगे। आपका कोई कानूनी मामला आपको टेंशन दे रहा था, तो वह भी दूर होता दिख रहा है। आपको अपने काम को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आपको किसी वाद विवाद को बढ़ावा देने से बचना होगा, तभी परिवार का माहौल भी और शांतिपूर्ण हो सकता है। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। आप माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे, लेकिन आप कोई इन्वेस्टमेंट सोच समझ कर करें। ससुराल पक्ष के कोई व्यक्ति आपसे मिलाप करने आ सकता है।

# उत्कृष्ट अभिव्यक्ति का माध्यम हिन्दी

**डॉ. रीना रवि मालपानी**

भाषा की सर्वोत्तम उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम है हिन्दी। हिन्दी की सहजता, सरलता, सरसता अद्वितीय है। प्रत्येक भाषा अपने आप में निपुण है, परंतु शब्दों की सुंदरता से आलोकित एवं सुशोभित हिन्दी भाषा अप्रतिम है। यह सत्य है कि भाषा विहीन व्यक्ति कभी भी उन्नति के मार्ग पर अग्रसर नहीं हो सकता। भाषा ही हमारी उन्नति को पल्लवित, पुष्पित एवं चहुं ओर हमारे विकास को प्रसारित करती है। हिन्दी में विचारों के प्रवाह का अद्वितीय सौंदर्य विद्यमान है।



भाषा की अस्मिता का गौरव गुणगान है हिन्दी।

वेदनाओं एवं भावनाओं की यथार्थ अभिव्यक्ति है हिन्दी।

समस्त भाषाओं को कदमताल देती उन्नत स्वरूप है हिन्दी।

सूक्ष्म, अमूर्त और जटिल अनुभवों का सहज सम्प्रेषण है हिन्दी।

अंग्रेजी हमने सहर्ष नहीं अपनाई थी, वह तो अंग्रेज़ो द्वारा हम पर थोपी गई थी। आज भी हम उसी जंजीर के गुलाम बने हुए है। भाषा की गुलामी की जंजीरों और बेड़ियों को तोड़कर हमें एकमत होना होगा। हिन्दी की अनुभूति कितनी अनुपम है यह उसमें निहित शब्दों का चयन प्रदर्शित करता है। हिन्दी तो वह है जो नैतिकता को सहेजती है। निर्मल गंगा सा भाव एवं प्रवाह उत्पन्न करती है। साहित्य को शिरोधार्य बनाती है। कवियों की ललकार और भाषा की बयार से उन्नति के सोपान को छूती है। भारत माता के प्रति अतुलनीय प्यार के अनुपम स्वर में व्याप्त है हिन्दी। हिन्दी भाषा का अनोखा दर्पण है। हिन्दी में भावों को मुख से मन तक समर्पित करने की उत्कृष्टता है। भाषा की धुरी पर स्वाभिमान का आविर्भाव है हिन्दी। जब भी साहित्य का सृजन किया जाता है तो हर पात्र को जीवंत बनाकर पाठक के समक्ष प्रस्तुत करती है हिन्दी। नए भारत में उन्नति और उत्थान के भाव को संवाहित करने का सामर्थ्य हिन्दी में ही है। यदि भाषा की होली के उत्सव को हिन्दी से सजाया जाए, औजपूर्ण हिन्दी के माधुर्य को मुख पर गुनगुनाया जाए, अलंकारों के रंगों से अभिव्यक्ति को नित-नवीन बनाया जाए और हिन्दी के प्रयोग से काव्य रचना के स्वर से हृदय को आलोकित किया जाए तो मन रूपी हृदय में उन्नति, उत्साह और उमंग के रंग को बिखरने का अनुपम सौन्दर्य हिन्दी में ही है। राष्ट्र की उन्नति में माँ की ममता के आशीर्वाद का रूप हिन्दी प्रकट करती है।

जीवन की समग्रता का अंकन है हिन्दी।

सांकेतिकता, प्रतिकात्मकता का उत्कृष्ट आयाम है हिन्दी।

मानवीय भावों का यथार्थ चित्रण है हिन्दी।

अभिनव मूल्यों के उद्‌घाटन की चेतना है हिन्दी।

वर्तमान समय में अंग्रेजी ही आधुनिकता का आधार मानी जा रही है। भावी पीढ़ी की दृष्टि में हिन्दी का महत्व न्यून है। कितनी बड़ी विडम्बना है इस देश और समाज की कि हम अपने पूर्वजों की धरोहर जो हमें अनायास और सहजता से मिली है उसे ठुकरा रहे है और अंग्रेजों द्वारा परोसी गई भाषा को ग्रहण कर उसका उन्नयन कर रहे है। भाषा हमारी संस्कृति की अस्मिता और धरोहर है। यह केवल संवाद का माध्यम ही नहीं अपितु विचारों, भावनाओं एवं संवेदनाओं का उद्वेग है। उन्नति के सोपान की ओर कदम बढ़ाते वक्त अंग्रेजी को भी सीखना चाहिए, परंतु हिन्दी के प्रति अपने प्रेम को भी जीवंत एवं निष्ठावान रखना होगा। भाषा के विभिन्न स्वरूपों में अंग्रेजी भी ज्ञान का ही एक रूप है, परंतु मातृ भाषा की कीमत पर हिन्दी को तुच्छ समझकर अंग्रेजी को आत्मसात करना उचित नहीं है। उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में प्रेम एवं स्नेह का सरल रूप हैं हिन्दी। हिन्दी अवधि, ब्रज, भोजपुरी इत्यादि सभी भाषाओं को समन्वय प्रदान करती है।

आज हमारे संस्कारों में अंग्रेजी घुल रही है। आज का युवा वर्ग अंग्रेजी में धारा प्रवाह होना ही अपनी उच्चता का मानक मान रहा है। वह मनोभावों की भाषा समझने में असमर्थ है। अंग्रेजी बोलना समाज में प्रतिष्ठा का प्रतीक बनती जा रही है। समाज में उन्नति के मापदंड हेतु अंग्रेजी बोलना चयनित किया जा रहा है। मातृ भाषा भारत वासियों के बीच हीनता का अनुभव कर रही है। यह हमारी भाषा की अस्मिता पर प्रश्न चिन्ह है। भाषा की दुर्बलता राष्ट्र की अभिव्यक्ति में न्यूनता को प्रदर्शित करती है। वह राष्ट्र की पहचान को क्षीण करती है। वैश्विक युग में सफलता के शीर्ष पर पहुँचते वक्त प्रत्येक भाषा को अपनाना होगा, पर हिन्दी के प्रति प्रेम में कृपणता परिलक्षित न करें। हिन्दी हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अद्वितीय संकलन है हमें इसे सहेजना होगा। आत्मविश्वास से एवं पूर्ण निष्ठावान होकर इसे आत्मसात करना होगा। यह आत्मा के स्वरों का बोध है। हिन्दी सांस्कृतिक स्वरूप का एक ओजस रूप है। हिन्दी तो सर्वगुण सम्पन्न भाषा का दर्पण है। यह भाषा राष्ट्र के प्रति समर्पण है। एक स्वर और एक नाद से हम भारत वासियों को हिन्दी भाषा में अभिव्यक्ति को स्वीकारना चाहिए।

कथ्य के अनुरूप रचना संकलन को पहचान देती है हिन्दी।

पात्रो-चरित्रों के उद्‌घाटन का सजीव रूप है हिन्दी।

संवाद एवं प्रसंगानुकूल रोचकता की जनक है हिन्दी।

**डॉ. रीना कहती, भाषा के सौन्दर्य की अनुपम छटा बिखेरती है हिन्दी।**

# हिंदी दिवस का संदेश: मातृभाषा में शिक्षा ही वास्तविक प्रगति

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भाषा केवल संवाद का साधन नहीं है, बल्कि यह हमारी पहचान, संस्कृति और समाज से जुड़ने का आधार है। जिस भाषा में हम सोचते, सपने देखते और अभिव्यक्त होते हैं, वही हमारी मातृभाषा कहलाती है। भारत जैसे बहुभाषी देश में मातृभाषा का महत्व और भी बढ़ जाता है। हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता और गर्व का भाव पैदा करना है। हिंदी दिवस केवल हिंदी के प्रचार-प्रसार का अवसर नहीं है, बल्कि यह मातृभाषाओं के महत्व और शिक्षा में उनके उपयोग पर विचार करने का भी अवसर है। मातृभाषा व्यक्ति की सोच, संस्कार और भावनाओं से गहराई से जुड़ी होती है। यह बच्चों के लिए सीखने का सबसे स्वाभाविक और सहज माध्यम है। जब कोई बच्चा अपनी भाषा में शिक्षा ग्रहण करता है तो वह अधिक आत्मविश्वास और रुचि से सीखता है। मातृभाषा बच्चों की संज्ञानात्मक क्षमता को विकसित करती है, यह उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान से जोड़ती है, मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने वाला छात्र बेहतर तरीके से अपनी बात कह पाता है और यह शिक्षा को रटने की बजाय समझने की प्रक्रिया बनाती है। भारत सरकार ने 34 वर्षों बाद 2020 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की।



इस नीति ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव करने का मार्ग प्रशस्त किया। सबसे अहम निर्णय था कि कक्षा 5 तक और जहां संभव हो वहां 8वीं तक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा, स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा होना चाहिए। यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे बच्चों को शिक्षा उसी भाषा में मिलेगी जिसमें वे घर और समाज में बातचीत करते हैं। अनुसंधानों से भी यह सिद्ध हुआ है कि मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा मिलने से बच्चे की समझ बेहतर होती है, ड्रॉपआउट दर कम होती है और कक्षा में उनकी भागीदारी अधिक होती है। भारतीय संविधान भी मातृभाषा में शिक्षा का समर्थन करता है। अनुच्छेद 350A कहता है कि राज्यों को भाषाई अल्पसंख्यकों के बच्चों के लिए मातृभाषा में शिक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए। कोठारी आयोग (1964-66) ने सुझाव दिया था कि आदिवासी क्षेत्रों में प्रारंभिक वर्षों में शिक्षा स्थानीय जनजातीय भाषा में होनी चाहिए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (2009) में भी यह प्रावधान किया गया कि जहां तक संभव हो, शिक्षा का माध्यम बच्चे की मातृभाषा हो। आज की सबसे बड़ी समस्या यह है कि अभिभावक अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को ही श्रेष्ठ मानते हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में माता-पिता बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भेजने की होड़ में लगे रहते हैं। वे मानते हैं कि अंग्रेजी ही सफलता की कुंजी है। शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिए बिना केवल "अंग्रेजी" को प्राथमिकता दी जाती है। ग्रामीण भारत में निजी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में दाखिले की संख्या तेजी से बढ़ रही है। लेकिन सच्चाई यह है कि भाषा कभी भी सफलता की गारंटी नहीं हो सकती। असली सफलता अच्छी शिक्षा, आत्मविश्वास और ज्ञान पर आधारित होती है। यदि बच्चे को ऐसी भाषा में शिक्षा दी जाए जिसे वह समझ ही नहीं पाता, तो न तो उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा और न ही वह शिक्षा का सही लाभ ले पाएगा। मातृभाषा में शिक्षा देने के अनेक लाभ हैं। बच्चा उसी भाषा में आसानी से सोच सकता है जो उसकी मातृभाषा है। अपनी भाषा में सीखने से भयमुक्त वातावरण मिलता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। मातृभाषा में शिक्षा से बच्चा अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा रहता है। जब शिक्षा सरल और बोधगम्य होगी तो बच्चे स्कूल छोड़ेंगे नहीं। मातृभाषा में सोचने और व्यक्त करने से सृजनात्मक क्षमता भी विकसित होती है। लेकिन इस व्यवस्था को लागू करने में कई व्यावहारिक समस्याएँ सामने आती हैं। भारत में भाषाओं और बोलियों की बहुत अधिक विविधता है। कई भाषाओं के पास मानकीकृत लिपि या पर्याप्त शिक्षण सामग्री नहीं है। प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी है, जो बहुभाषी कक्षाओं को संभाल सकें। नई पुस्तकों और प्रशिक्षण पर अतिरिक्त खर्च आएगा। साथ ही, अभिभावकों की मानसिकता भी एक बड़ी चुनौती है जो अंग्रेजी को ही श्रेष्ठ मानती है।

इन चुनौतियों से निपटने के लिए कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। बहुभाषी शिक्षा के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएँ। मातृभाषाओं में गुणवत्तापूर्ण किताबें तैयार की जाएँ। अभिभावकों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जाएँ ताकि वे समझें कि मातृभाषा में शिक्षा बच्चों के लिए अधिक लाभकारी है। विभिन्न राज्यों में मातृभाषा आधारित शिक्षा के प्रयोग किए जाएँ और उनकी सफलता के आधार पर आगे बढ़ा जाए। डिजिटल शिक्षा सामग्री को भी स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराया जाए। दुनिया के कई देशों में मातृभाषा में शिक्षा को प्राथमिकता दी जाती है। फिनलैंड की शिक्षा प्रणाली विश्व में सर्वोत्तम मानी जाती है और वहां प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा पर ही जोर दिया जाता है। जापान और दक्षिण कोरिया ने अपनी भाषा में शिक्षा देकर विश्व स्तर पर आर्थिक और तकनीकी प्रगति हासिल की। यूनैस्को भी लगातार इस बात पर जोर देता रहा है कि प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में ही दी जानी चाहिए। हिंदी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि अपनी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और पहचान का आधार है। यदि हम चाहते हैं कि नई पीढ़ी आत्मविश्वासी, ज्ञानवान और रचनात्मक बने तो हमें शिक्षा में मातृभाषा का स्थान सुनिश्चित करना होगा। हिंदी सहित सभी मातृभाषाओं का सम्मान करना आवश्यक है। मातृभाषा में शिक्षा देने का विचार कोई नया नहीं है, लेकिन इसे व्यावहारिक रूप से लागू करने की ज़रूरत है। अंग्रेजी का महत्व अपनी जगह है, लेकिन प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में ही सबसे प्रभावी सिद्ध हो सकती है। हमें यह धारणा तोड़नी होगी कि केवल अंग्रेजी माध्यम से ही सफलता मिलती है। सफलता का असली आधार है— ज्ञान, समझ और आत्मविश्वास। इस हिंदी दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी भाषा और संस्कृति के महत्व को पहचानेंगे, अभिभावकों को जागरूक करेंगे और बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। यही वास्तविक राष्ट्र निर्माण की दिशा में हमारा योगदान होगा।

# करोड़ों दिलों में राज करती हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं !

**संजीव ठाकुर**

हिंदी करोड़ दिलों में बसी हुई भाषा है। इसके अलावा विदेशों में भी करोड़ों लोगों के मध्य संवाद की भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है किंतु आज पर्यंत तक हिंदी को राष्ट्रभाषा होने का सर्वोच्च सम्मान अभी भी अपेक्षित है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है "राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है" हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं और थे, जैसे ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ रामगुलाम, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है। हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा "हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया" यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्‌देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण




अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है।

भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है ।यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है।

एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्त्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए की भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है। और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों मैं विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है ।अंग्रेजी भाषा रोजगार मूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्म गौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है । और हिंदी की रामायण गीता रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है।

भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने हिंदी की प्रगति के लिए कुछ पंक्तियां कही है जो आज भी उल्लेखनीय है,

**"निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल,**

**बृज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल।**

**जय हिंदी जय हिंदुस्तान**

**हिंदी भाषा अमर रहे।**

## खाने में लाल मिर्च का करते हैं इस्तेमाल?

लाल मिर्च का उपयोग खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स और अन्य गुण शरीर को कई फायदे पहुंचाते हैं। इस वजह से इसे खाने में शामिल करना लाभदायक हो सकता है। आइए आज हम आपको लाल मिर्च के सेवन से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताते हैं।

**वजन घटाने में है सहायक**-लाल मिर्च में कैप्साइसिन नामक एक खास तत्व मौजूद होता है, जो शरीर की ऊर्जा खपत को बढ़ाने में मदद करता है। यह तत्व शरीर में गर्मी पैदा करता है, जिससे कैलोरी जलने की प्रक्रिया तेज होती है। इसके अतिरिक्त कैप्साइसिन भूख को कम करता है, जिससे आप कम खाते हैं और वजन नियंत्रित कर सकते हैं। इसलिए लाल मिर्च का सेवन वजन घटाने में सहायक हो सकता है।

**दिल की सेहत के लिए है फायदेमंद**-लाल मिर्च का सेवन दिल के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स खून के बहाव को बेहतर बनाते हैं और खून की नलियों को स्वस्थ रखते हैं। इसके अलावा यह खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में भी मदद कर सकती है। यह दिल को स्वस्थ रखने के लिए एक अच्छा विकल्प है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में है मददगार**-लाल मिर्च में विटामिन-सी की मात्रा अधिक होती है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकती है। यह विटामिन शरीर की सुरक्षा को बेहतर बनाता है और संक्रमण से लडऩे में मदद करता है। इसके अलावा लाल मिर्च में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट गुण शरीर के तनाव को कम करने में भी मदद कर सकते हैं।

## सू-दोकू-169

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.168 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# एक नजर

## गौधाम संचालन हेतु अभिरुचि

**बीजापुर 13 सितंबर।** जिला बीजापुर में गौधाम संचालन के लिए 01 अक्टूबर 2025 अपरान्ह 3 बजे तक इच्छुक संस्थाओं से अभिरुचि आमंत्रित की गई है। जिसके लिए आवेदन कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला बीजापुर में जमा किया जाएगा। गौधाम में निराश्रित एवं घुमंतू गौवंशीय पशुओं के साथ-साथ गृह विभाग द्वारा कृषक पशु परिक्षण अधिनियम 2004 (संशोधित 2011) तथा कृषिक पशु परिरक्षण नियम 2014 के अंतर्गत जप्त गौवंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जाएगा। गौधाम संचालन से जुड़ी जानकारी जैसे भूमि, उद्देश्य, क्रियान्वयन, नियंत्रण, अनुश्रवण एवं अनुशीलन, पात्र संस्थाएं, पात्रता, कार्यकाल, दायित्व, मानव संसाधन योजना, वित्त पोषण एवं शर्तें कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला बीजापुर से कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सायं 5:30 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त विस्तृत जानकारी के लिए जनसंपर्क विभाग की वेबसाइट में भी देखा जा सकता है। या मोबाईल नम्बर 7999982488 में संपर्क किया जा सकता है।

## वेतन संबंधी जानकारी अब मोबाइल एप पर

**बीजापुर 13 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक आबकारी विभाग के निर्देशानुसार सचिव सह आबकारी आयुक्त श्रीमती आर शंगीता द्वारा Seva Suvidha Mobile App प्रारंभ किया गया। इस एप को गूगल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। जिले में संचालित मदिरा दुकानों में कार्यरत मुख्य विक्रयकर्ता, विक्रयकर्ता, एम.पी.डब्ल्यू. एवं सुरक्षागार्ड अब अपने वेतन संबंधी समस्त जानकारी इस एप के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। विशेष रूप से, यदि किसी प्रकार की त्रुटि या समस्या वेतन विवरण में पाई जाती है तो कर्मचारी सीधे इसी एप के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

## रोजगार मेला 9 व 10 अक्टूबर को

**बीजापुर 13 सितम्बर।** जिले के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बीजापुर, उसूर, भैरमगढ, एवं भोपालपटनम में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को मार्गदर्शन के लिए जिले के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में कार्यशाला का आयोजन किया जाना हैं। इसके लिए 15 एवं 16 सितम्बर 2025 से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय रोजगार मेला 09 व 10 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। रिक्तियों की जानकारी विभाग के वेबसाइट का अवलोकन कर रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पंजीयन कर सकते हैं। ऐसे आवेदक जिनका रोजगार पंजीयन वर्ष 2024 के पूर्व का हुआ हैं उनका नए रोजगार पोर्टल में पंजीयन अपडेशन कराना आवश्यक हैं।

## श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा 12 सितम्बर 2025 को सुबह 8.30 बजे से राजनांदगांव विकासखंड के औद्योगिक क्षेत्र टेड़ेसरा के नवीन शासकीय प्राथमिक शाला में श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में श्रमिकों का स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। बीमारी से ग्रसित पाए जाने वाले श्रमिकों को श्रम विभाग अंतर्गत संचालित मंडलों के पात्रतानुसार आवेदन कराकर लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में अपंजीकृत श्रमिकों को पात्रतानुसार नवीन पंजीयन एवं नवीनीकरण कार्य किया जाएगा तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत कराया जाएगा।

## उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण हेतु 170 लाख की मिली स्वीकृति

**कोण्डागांव।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ीकरण की दिशा में एन.एम.डी.सी. परिक्षेत्र विकास निधि (सी.एस.आर.) मद अंतर्गत जिले के पांच उप स्वास्थ्य केन्द्रों के नये भवन निर्माण हेतु राशि रू. 170.00 लाख (एक करोड़ सत्तर लाख रूपये) स्वीकृत मिली है। इस संबंध में कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति अनुसार प्रत्येक उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन हेतु 34 लाख रूपए की लागत से कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत 03 उप स्वास्थ्य केन्द्र खड़पड़ी, गोलावंड और घोड़ागांव हेतु राशि रू. 102.00 (एक करोड़ दो लाख रूपए ) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ-सफाई और बच्चों के पोषण पर दें विशेष ध्यान : लक्ष्मी राजवाड़े




**जशपुरनगर 13 सितंबर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग और समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों का वहीं डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा ने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी।

मंत्री राजवाड़े ने कहा कि जशपुर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जिला है, इसे आदर्श जिले के रूप में विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्भवती और शिशुवती माताओं तथा बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाए। रेडी टू ईट और टीएचआर वितरण में किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ माता और बालक ही मजबूत देश की नींव हैं।

उन्होंने प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि, हर बरसात के दिनों में विषैले जीवों का खतरा बना रहता है इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों की सफाई का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने बच्चों और उनके माता पिता को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति इलाकों में जागरूकता प्रसार के साथ ही योजनाओं का क्रियान्वयन पर एक बेहतर नीति बना कर कार्य करने को कहा, ताकि महिला और बच्चे सुपोषित हो और कुपोषण की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर और परियोजना अधिकारी संयुक्त रूप से प्रयास करें कि आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों को अनऔपचारिक शिक्षा का ज्ञान हो।

समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री राजवाड़े ने कहा कि बुजुर्गों और दिव्यांगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए उन्हें शासन की सभी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही नशामुक्ति अभियान को व्यापक रूप से चलाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन में कठिनाइयाँ आती हैं। बेहतर रणनीति बनाकर इन क्षेत्रों के नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाना जरूरी है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने इन इलाकों में बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ भी जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

# सुरक्षाबलों ने 16 लाख के दो इनामी नक्सलियों को किया ढेर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 13 सितंबर।** जिले के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच कल हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। इस मुठभेड़ में दो कुख्यात इनामी नक्सली मारे गए हैं। दोनों पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था।

बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि डीआरजी बीजापुर की टीम को माओवादी कैडर की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना मिली थी। इसी आधार पर 12 सितम्बर की सुबह सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। अभियान के दौरान पुलिस बल और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। मुठभेड़ के बाद जब स्थल की तलाशी ली गई तो दो माओवादी ढेर मिले। मृत नक्सलियों की पहचान हिड़मा पोड़ियाम (34 वर्ष, निवासी बेडसेट, इन्द्रावती क्षेत्र, पदनाम पीपीसीएम कंपनी नम्बर 02, प्लाटून नम्बर 01 का सदस्य) एवं मुन्ना मड़कम (25 वर्ष, निवासी कटेकल्याण, जिला दंतेवाड़ा, कंपनी नम्बर 02, प्लाटून नम्बर 01 का सदस्य) के रूप में हुई है। दोनों पर 8-8 लाख रुपये का इनाम था।

मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने एक .303 रायफल, एक 12 बोर बंदूक, 08 जिंदा राउंड, बैटरी, कार्डेक्स वायर, स्केनर सेट, माओवादी साहित्य और अन्य नक्सली सामग्री बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. यादव ने इसे सुरक्षाबलों की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इस सफलता से क्षेत्र में सक्रिय नक्सली कैडर को गहरा झटका लगा है।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर हुई कार्यशाला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 13 सितंबर।** जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर गीदम स्थित स्वामी आत्मानंद कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को मध्य मानसिक स्वास्थ्य अंतर्गत तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही ''चलो बात करें'' थीम पर छात्राओं को किसी भी तनाव के समय खुलकर बात करने की सलाह दिया गया। उक्त कार्यशाला में छात्राओं ने भी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉक्टर देश दीपक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतीक सोनी, डब्ल्यू एच ओ जिला सलाहकार



कुमार गौरव, जिला एनसीडी सलाहकार अंकित सिंह, यूनिसेफसे श्रुति एवं संस्था के प्राचार्य तथा शिक्षक उपस्थित थे।

# तारलागुड़ा और तिमेड़ के रेत खदान में एनजीटी के नियमों का हो रहा घोर उल्लंघन : नीना

## भाजपा नेता बी. गौतम राव के अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की हो जाँच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 13 सितंबर।** जिले के तारलागुड़ा और तिमेड़ में अवैध रेत उत्खनन, भंडारण और परिवहन को लेकर जिला पंचायत सदस्य और प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री श्रीमति नीना रावतिया उद्दे ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस मामले में दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

नीना रावतिया उद्दे ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि भाजपा नेता और कथित रेत ठेकेदार बी. गौतम राव द्वारा किए जा रहे अवैध रेत खनन से जिले के खनिज राजस्व और रॉयल्टी को भारी नुकसान हो रहा है, साथ ही



पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बस्तर संभाग का बीजापुर जिला पाँचवी अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आता है और इस जिले में पेशा कानून लागू है बावजूद इसके बिना ग्राम पंचायत और ग्राम सभा के अनुमति के बगैर अवैध भोपालपटनम क्षेत्र के तारलागुड़ा और तिमेड़ इलाके में अवैध रूप से रेत उत्खनन और परिवहन कथित रेत ठेकेदार और भाजपा नेता बी. गौतम राव द्वारा किया जाना गंभीर अपराध है। यह सब बिना सरकार और प्रशासन के संरक्षण के संभव नहीं है जिसकी जाँच किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने आरोप लगाया कि गौतम राव को जिला प्रशासन और खनिज विभाग द्वारा संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण एक रॉयल्टी पर्ची पर दो-तीन ट्रकों से रेत का परिवहन किया जा रहा है और इसकी जांच नहीं हो रही। नीना ने अपने विज्ञप्ति में यह भी कहा कि पर्यावरणीय नुकसान के संदर्भ में, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने अवैध रेत खनन से होने वाली पर्यावरणीय क्षति के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों पर मुआवजा लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। नीना रावतिया और अन्य नेताओं ने इस मामले में पारदर्शिता और कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि जिले के प्राकृतिक संसाधनों की लूट को रोका जा सके और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो। नीना रावतिया ने यह भी कहा कि तारलागुड़ा एवं तिमेड़ में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में कॉग्रेस पार्टी जिले के लोगों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी।

# वोट चोरी शब्द असंसदीय भाषा का प्रतीक : असरानी

## कांग्रेस हमेशा ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है, जिनका जुड़ाव असंसदीय भाषा से होता है

**दंतेवाड़ा, 13 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी ने कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार 'वोट चोरी' शब्द का इस्तेमाल करने पर अपना ऐतराज जताते हुए कहा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में शुचितापूर्ण संसदीय शब्दों का अभाव है। कांग्रेस हमेशा ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है, जिनका जुड़ाव कहीं-न-कहीं असंसदीय भाषा से होता है। श्री असरानी ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में एक है और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का वैश्विक सम्मान है और



कांग्रेस ऐसे 'वोट चोरी' शब्द का इस्तेमाल करके हमारी लोकतांत्रिक शक्तियों पर सवाल खड़ा करके ओछी राजनीति कर रही है। भाजपा मीडिया प्रभारी राहुल असरानी ने कहा कि विपक्ष को हमेशा सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में विपक्ष हमेशा विध्वंस, हिंसा और अराजकता की नकारात्मक भूमिका में ही है। इसलिए कांग्रेस व उसके नेताओं की प्रतिष्ठा लगातार कम होती जा रही है।

भाजपा मीडिया प्रभारी राहुल असरानी ने कहा कि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाषा की गरिमा सदैव सर्वोच्च रही है। लेकिन कांग्रेस हमेशा भाषा की गरिमा को ताक पर रखकर राजनीति करती आ रही है। समाज में झूठे नरैटिव को गढ़ने का टेंडर कांग्रेस ने ले रखा है। लगातार 'वोट चोरी' जैसे कथित शब्दों का इस्तेमाल कर कांग्रेस भ्रामक प्रचार कर रही है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए भाषा की गरिमा और मजबूत संसदीय व्यवस्था को ध्यान में रख कर कांग्रेस को शब्दों का चयन करना चाहिए। 'वोट चोरी' शब्द पूरी तरह असंसदीय है और दुनिया के किसी शब्दकोष में यह शब्द नहीं है। पर कांग्रेस का पूरा राजनीतिक इतिहास असंसदीय भाषा व आचरण से भरा पड़ा है। दरअसल वैचारिक दरिद्रता के चलते कांग्रेस अराजक व असंसदीय वामपंथी भाषा और विचारों पर पल रही है और यही अब कांग्रेस की नियति हो चली है।

## डीएवी स्कूल किरंदुल में कार्यशाला

# साइबर सुरक्षा विकल्प नहीं, यह एक आवश्यकता है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 13 सितंबर।** औधोगिक नगर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के मार्गदर्शन और एन.एम.डी.सी. सी.एस.आर. एवं एम.केंदुर्ल प्रबंधन के सहयोग से डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, किरंदुल में 9 सितम्बर 2025 को साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें दंतेवाड़ा जिले के सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के 28 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

मुख्य उद्देश्य- विद्यार्थियों व शिक्षकों को बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी देना। जागरूकता बढ़ाकर सुरक्षित डिजिटल वातावरण तैयार करना। विशेष अतिथि एवं वक्ता सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालय भुवनेश्वर के श्री तेजु सिंह। आदर्श विद्यालय, जगदलपुर के श्री जगमोहन सोनी। यूनिट डायरेक्टर श्री मुनिल कुमार दुबे। श्री जगमोहन सोनी ने कहा- साइबर



सुरक्षा आज विकल्प नहीं, बल्कि जीवन की आवश्यक जरूरत है। बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने के लिए हर किसी को जागरूक और सतर्क रहना होगा। यूनिट डायरेक्टर श्री मुनिल कुमार दुबे ने कहा- साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा उपाय है। ऐसे आयोजन समय की मांग हैं। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक किरंदुल के मुख्य प्रबंधक श्री उत्तक देवांगन, आशा विद्या मंदिर जावंगा के प्राचार्य श्री बी.के. शर्मा, उपप्राचार्य श्री पाणिग्रही सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को संबंधित वेबसाइट और टोल-फ्री नंबर की जानकारी भी दी गई।

# सेवा पखवाड़ा पर भाजपा की मंडल स्तरीय कार्यशाला संपन्न, शिवरतन शर्मा हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 13 सितंबर।** भाजपा कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर क्रमशः मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मंडल से कार्यकर्ता, पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि



समाज को सेवा और समर्पण से जोड़ने का कार्य करती है। सेवा ही संगठन का मंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, इसलिए हर कार्यकर्ता को जनता की सेवा को ही प्राथमिकता बनाना चाहिए। शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुआ यह सेवा पखवाड़ा पूरे देश में सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गया है। उन्होंने युवाओं से अपील की, कि वे इस अभियान को उत्सव की तरह मनाएँ और सेवा का संदेश पहुंचाएँ।जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है, बल्कि समाज की कमजोर कड़ी तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति और युवाओं को सेवा कार्यों में आगे आना चाहिए। स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान और पोषण जागरूकता जैसे कार्यक्रमों के जरिए हम जनहित को मजबूत कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु (गोलु), कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, आशीष जायसवाल,महाबल बघेल, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, सहित मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि सेवा ही हमारा मूल मंत्र है और इसी मार्ग पर आगे बढ़ते हुए समाजहित व राष्ट्रहित के कार्य किए जाएँगे।

# भेद विज्ञान साधना शिविर 14 से

**रायपुर, 13 सितंबर।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में पांच दिवसीय भेद विज्ञान साधना शिविर का आयोजन 14 सितंबर से किया जाएगा। शिविर उपाध्याय द्वय आध्यात्म योगी महेंद्र सागरजी महाराज साहब और युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज साहब की पावन निश्रा में होगा। उपाध्याय भगवंत श्री मनीष सागरजी महाराज साहब के मुताबिक भेद विज्ञान शिविर का उद्देश्य संसार में रहकर सत्य को समझना है। सत्य नहीं जान पाने के कारण हम दुखी होते हैं। इस शिविर में हमें स्व को जानने का अवसर मिलेगा। आत्मा से जुड़ाव होगा। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समाज एवं चातुर्मास समिति, विवेकानंद नगर के अध्यक्ष श्याम सुंदर बैदमुथा ने बताया कि भेद विज्ञान शिविर में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों से 200 से अधिक साधक शामिल होंगे। सभी के आवास एवं भोजन की व्यवस्था चातुर्मास समिति के द्वारा की गई है। प्रतिदिन देव दर्शन, पूजन के बाद शिविर दो सत्रों में होगा। इसमें ध्यान व स्वाध्याय के माध्यम से आत्मा और शरीर का भेद व विज्ञान की गूढ़ बातों की विवेचना की जाएगी।

# आदि कर्मयोगी अभियान : जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में आदि सेवा पर्व का आयोजन

## हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने पर विशेष जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 13 सितंबर 2025।** आज जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में ''आदि कर्मयोगी अभियान'' के अंतर्गत ''आदि सेवा पर्व'' का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में संचालित समस्त योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना रहा। इस अवसर पर जनपद पंचायत के सभाकक्ष में सरपंच, सचिव, महिला एवं स्व सहायता समूहों के सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को योजनाओं के



क्रियान्वयन, निगरानी एवं हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक कल्याण सहित विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। जनपद पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि ''आदि सेवा पर्व'' न केवल सेवा प्रदाय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, बल्कि यह शासन की जनहितैषी सोच को धरातल पर साकार करने का एक सार्थक प्रयास भी है। इस आयोजन से ग्रामीण स्तर पर योजना क्रियान्वयन में पारदर्शिता, सहभागिता और प्रभावशीलता को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आदिवासी अंचल के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी समुचित लाभ मिल सकेगा।

# विश्वकर्मा जयंती पर खदान क्षेत्र में सैलानियों के प्रवेश पर रोक का विरोध

## एनएमडीसी प्रबंधन अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे : बबलू सिद्दीकी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 13 सितंबर।** किरंदुल ओधोगिक नगर क्षेत्र मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया जाएगा। इस दिन परंपरा अनुसार एनएमडीसी की खदानें बंद रहती हैं और दूर-दराज़ से आए सैलानी बैलाडीला की खूबसूरत पहाड़ियों, सरपीले रास्तों और खदान क्षेत्र का नजारा देखने आते हैं।

लेकिन पिछले दो वर्षों से सुरक्षा एवं अन्य कारणों का हवाला देते हुए एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा खदान क्षेत्र में सैलानियों के प्रवेश पर रोक लगाई



जा रही है। इससे स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में गहरा रोष है।

मुख्य बिंदु- विश्वकर्मा जयंती पर एनएमडीसी की खदानें बंद रहती हैं। इस दिन हजारों सैलानी बैलाडीला की खूबसूरती देखने आते हैं। होटल, लॉज, टैक्सी, छोटे व्यापारियों को इससे बड़ा लाभ होता है। प्रतिबंध से शहर की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। दंतेवाड़ा जिले को पर्यटन जिला बनाने के प्रयासों पर यह रोक विपरीत असर डाल रही है। केंद्र व राज्य सरकार जहां पर्यटन को बढ़ावा दे रही हैं, वहीं एनएमडीसी का प्रतिबंध समझ से परे है।

नगर पालिका परिषद किरंदुल के उपाध्यक्ष श्री बबलू सिद्दीकी ने एनएमडीसी प्रबंधन को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाए और सैलानियों को बैलाडीला की खदानों व पहाड़ियों की प्राकृतिक सुंदरता देखने की अनुमति दी जाए।

श्री बबलू सिद्दीकी ने जनता की भावनाओं और शहर की आर्थिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए जो ठोस पहल की है, वह सराहनीय है। उन्होंने न केवल स्थानीय व्यापारियों की आवाज उठाई है बल्कि पूरे क्षेत्र के पर्यटन और विकास की दिशा में दूरदर्शी सोच का परिचय भी दिया है। उनकी यह संवेदनशीलता और जनहितकारी पहल निश्चित रूप से नगरवासियों और व्यापारियों के लिए आशा की किरण है।यह मांग लगातार तेज हो रही है कि एनएमडीसी प्रबंधन अपने निर्णय पर विचार करे और विश्वकर्मा जयंती के दिन सैलानियों को प्रवेश की अनुमति प्रदान करे।

## एक नजर

### प्रसार भारती ने लॉन्च किया ओटीटी ऐप-वेव्स

**रायगढ़, 13 सितम्बर ।** भारत के लोक सेवा प्रसारक प्रसार भारती ने बदलते समय के साथ खुद को भी बहुत बदला है। OTT के युग में प्रसार भारती की नई पहल है WAVES OTT। ये ऐप मोबाईल फोन और स्मार्ट TV दोनों में ही चलाई जा सकती है। इसमें न केवल अन्य OTT प्लेटफार्म्स की तरह स्ट्रीमिंग कन्टेन्ट होगा बल्कि हर प्रकार के मनोरंजन का उचित प्रबंध है। साथ ही दूरदर्शन के अति लोकप्रिय कन्टेन्ट जैसे रामायण, महाभारत, चाणक्य, भारत एक खोज इत्यादि खजाने भी मिलेंगे। इसके अलावा लाइव और इन्टरएक्टिव प्रोग्राम गेमिंग, म्यूजिक और कन्टेन्ट अपलोड के लिए भी WAVES OTT सर्वोत्तम है। इसमें केवल 50 रूपये प्रति माह की न्यूनतम सब्सक्रिप्शन राशि से प्रीमियम कन्टेन्ट एक्सेस किया जा सकता है, अन्यथा इसे आप फ्री में भी देख सकते हैं। उक्त जानकारी प्रदत्त करने के साथ आकाशवाणी रायगढ़ के कार्यक्रम प्रमुख नीरज प्रभाकर ने आम लोगों से इस ऐप को अपने मोबाईल व स्मार्ट TV में डाउनलोड करने के लिए अनुरोध किया है।

### रजत महोत्सव के अवसर पर श्रमवीर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**महासमुंद, 13 सितम्बर ।** श्रम विभाग महासमुंद द्वारा रजत जयंती वर्ष के अवसर पर नया पारा वार्ड क्रमांक 06 शिव चौक महासमुंद में श्रमिको एवं वार्ड वासी हेतु श्रमवीर स्वास्थ्य शिविर एवं निःशुल्क श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण, योजना आवेदन शिविर का आयोजन किया गया। महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में श्रमिको एवं वार्ड वासी द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया एवं स्वास्थ्य एवं श्रम शिविर का लाभ लिया गया। आज के शिविर में 121 लोगों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं निःशुल्क औषधियां प्रदाय की गई। इसी प्रकार श्रम पंजीयन शिविर में 27 लोगों द्वारा नवीनीकरण, 11 लोगो का नया पंजीयन आवेदन किया गया व 3 लोगो का संशोधन आवेदन किया गया। इस अवसर पर शिविर स्थल पर वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद सीता डौंडेकर, वार्ड क्रमांक 08 के पार्षद जरीना हाफिज कुरैशी व 07 के पार्षद मुश्ताक खान, वार्ड 04 के पार्षद राहुल आवड़े, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित होने वाली यूनिट के अधिकारी डॉ. जी सी दीवान एवं धर्मेन्द्र भारद्वाज, स्वास्थ्य विभाग से आये हुए डॉ. शोभा शर्मा एवं सिस्टर किरन द्वारा सेवा दी गई व श्रम विभाग के जिला अधिकारी डी. एन पात्र एवं श्रम निरीक्षक मीनू नारायण सिंग व श्रम विभाग के कर्मचारी शिविर में मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से जिले के हितग्राही हो रहे लाभान्वित

**महासमुंद, 13 सितंबर ।** भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य देश के आवासीय परिवारों को अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत 5 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 78,000 रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 30,000 रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस पहल से न केवल आम जनता को आर्थिक राहत मिल रही है, बल्कि अक्षय ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है। महासमुंद जिले के अनेक नागरिक इस योजना का लाभ उठा रहे हैं और अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। जिले में अभी तक 583 उपभोक्ता योजना का लाभ उठा रहे हैं।

इसी कड़ी में महासमुंद के पीटियाझर निवासी श्री महेश पाल ने बताया कि उन्होंने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सौर पैनल सिस्टम स्थापित कराया है। वे पेशे से राज्य शासन में पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। उन्हें अपने मित्रों के साथ चर्चा के दौरान सोलर पैनल और इस योजना के बारे में पता चला और इसके पश्चात उन्होंने योजना की जानकारी जुटाकर आवेदन किया। पंजीकृत वेंडर द्वारा सोलर सिस्टम स्थापित किए जाने के बाद पिछले दो माह से अब उनका बिजली बिल शून्य हो गया है, साथ ही क्रेडिट यूनिट का भी लाभ मिल रहा है। श्री पाल ने कहा कि यह योजना आम जनता के लिए लाभकारी पहल है। इससे न केवल बिजली खर्च से राहत मिली है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देने का अवसर मिल रहा है।

---

**खरसिया के 29 एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन शालाओं में हुई शिक्षकों की व्यवस्था**

# युक्तियुक्तकरण से विद्यालयों में लौटी रौनक, शिक्षा व्यवस्था हुई सशक्त



**रायगढ़, 13 सितम्बर।** वर्षों से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे खरसिया विकासखंड की विद्यालयों में अब नई उम्मीद दिखाई दे रही है। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया ने न केवल एकल शिक्षकीय व शिक्षकविहीन विद्यालयों की दशा सुधारी है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में ठोस पहल भी साबित हो रही है। प्राथमिक शाला धांगरपारा सरवानी, जहाँ लंबे समय से शिक्षक नहीं थे, अब दो शिक्षकों की तैनाती से बच्चों की पढ़ाई नए उत्साह के साथ शुरू हो चुकी है। इसी प्रकार खरसिया विकासखंड के 29 एकल शिक्षकीय शालाओं में भी शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है, जिससे इन स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था मजबूत हुई है।युक्तियुक्तकरण से सिर्फ प्राथमिक ही नहीं, बल्कि उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है। हाईस्कूल पामगढ़, छोटे मूड़पार और नगरपालिका कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय जो वर्षों से विषयवार शिक्षकों की कमी से जूझ रहे थे, अब व्याख्याता शिक्षकों की पदस्थापना से लाभान्वित हो रहे हैं। इससे विद्यालय के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ हो रही है। शासन की इस महत्वपूर्ण पहल से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के सैकड़ों विद्यालयों में आवश्यकता अनुरूप शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इससे छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित हुआ है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। इस पहल से दूरस्थ, आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता और शिक्षा की गुणवत्ता का नया संतुलन कायम हो रहा है। यह पहल न केवल खरसिया, बल्कि पूरे रायगढ़ जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

युक्तियुक्तकरण से जिले के पालकों और विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल। ग्राम कोलम चितवाही के पालकों का कहना है कि लंबे समय से जिस बदलाव की प्रतीक्षा थी, वह अब पूरी हो गई है। इससे बच्चों को न केवल नियमित शिक्षा मिल रही है, बल्कि बेहतर वातावरण और सुविधाएँ भी उपलब्ध हो रही है। पालक श्री महेश अगरिया ने बताया कि उनकी दो बालिकाएं है, वे दोनों ग्राम के शासकीय स्कूल में अध्ययन के लिए जाती है। पहले शिक्षक के कमी के कारण उनके दोनों बच्चों की पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही थी, लेकिन युक्तियुक्तकरण से स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना के फलस्वरूप उनकी बच्चियों की पढ़ाई में काफी सुधार आया है। वहीं बालिकाओं ने बताया कि स्कूल में शिक्षक के आ जाने से सभी कक्षाएं नियमित रूप से लग रही है और उन्हें विषयवार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रही है। उन्होंने स्कूल में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना: सूरज की रोशनी से आत्मनिर्भरता की राह पर बाबा साहू



**रायगढ़, 13 सितम्बर।** रायगढ़ निवासी बाबा साहू की कहानी सिर्फ एक घर को रोशन करने की नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के जरिए आत्मनिर्भरता और हरित भविष्य की एक मिसाल है। अगस्त 2025 में बाबा साहू ने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित करके इसकी शुरुआत की। बाबा साहू ने बताया कि सरकारी बैंक से उन्हें लोन की सुविधा आसानी से मिल गई और छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने कुछ ही दिनों में प्लांट का संचालन शुरू कर दिया। इस सरल और पारदर्शी प्रक्रिया ने योजना पर उनका भरोसा और भी मजबूत किया। आज उनके सोलर प्लांट से प्रतिदिन 20-25 यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है, जिससे उनके मासिक बिजली बिल में 80-90% तक की भारी कमी आई है। बाबा साहू ने बताया कि सोलर प्लांट रख-रखाव बहुत कम है। वे बताते हैं कि यह योजना सिर्फ बिजली बिल कम करने का साधन नहीं है, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का एक सशक्त माध्यम भी है।

## वर्ल्ड प्रीमियर गुरमत शो में नजर आएंगी रायपुर खरसिया की नवनीत कौर



**खरसिया, 13 सितंबर।** सिख इतिहास और गुरबाणी ज्ञान पर आधारित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध टीवी क्विज शो आओ बनिए गुरसिख प्यारा में रायपुर की नवनीत कौर सलूजा, पत्नी सरदार गुरप्रीत सिंह, पहली बार शिरकत करेंगी।इसका वर्ल्डवाइड प्रीमियर शो (सीज़न 37, एपिसोड 2) रविवार, 14 सितम्बर 2025 को सुबह 10:30 बजे चरदीकला टाइम्स टीवी चैनल पर प्रसारित होगा। शो में प्रतिभागियों को नौ प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं, जिनमें ऑडियो-विजुअल राउंड और दो लाइफ़लाइन भी शामिल रहती हैं।नवनीत कौर ने कहा की यह मेरे लिए गर्व और ज्ञान अर्जित करने का विशेष अवसर है। इस मंच से सीखने और अपने गुरमत ज्ञान को परखने का मौका मिल रहा है। खरसिया के प्रतिष्ठित समाजसेवी श्री प्रेम सिंह सलूजा, जिन्होंने अपने जीवन में समाज सेवा की एक अलग ही छाप छोड़ी है, उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से ही आज उनकी बहू नवनीत कौर समाज में एक नया नाम और पहचान बना रही हैं। अब देखना रोचक होगा कि क्या नवनीत कौर इस रोमांचक प्रतियोगिता में खिताब अपने नाम कर पाती हैं। इसका प्रसारण रविवार को किया जाएगा।

## टायर फटने से मिनी ट्रक सड़क पर पलटा



**भिलाई,13 सितंबर।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र के टायर फटने से केमिकल का टेंडर लोड मिनी ट्रक सड़क पर पलट गया इससे देखते ही देखते फोरलेन सड़क के रायपुर - दुर्ग छोर पर लंबा जाम लग गया। मिनी ट्रक के पलटने के साथ ही टेंकर फूट पड़ा और उसमें रखा केमिकल सड़क से होते ही नजदीक के रहवासी क्षेत्र खारुन ग्रीन कॉलोनी तक फैल गया घर के नजदीक ज्वलनशील केमिकल फैल जाने से रहवासी खौफजदा हो गए। पुलिस और नगर पालिका प्रशासन ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घंटे भर तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही यह घटना आज लगभग 11 बजे फोरलेन सड़क पर कुम्हारी क्षेत्र के खारुन ग्रीन कॉलोनी के पास हुई। मिनी ट्रक सीजी 04 एलएफ 7015 रायपुर से दुर्ग की ओर जा रही थी। मिनी ट्रक के पीछे डाले पर केमिकल से भरा टेंकर लोड था। चालक गुलाब साहू और हेल्पर इमरान ने बताया कि मिनी ट्रक के डाला में साबुन बनाने में इस्तेमाल आने वाली केमिकल से भरा टेंकर था अचानक टायर फटने से मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई ट्रक के पलटते ही पीछे डाले पर रखा टेंकर लुढ़ककर सड़क पर जा गिरा इसके चलते टेंकर का केमिकल सड़क से लेकर समीप के खारुन ग्रीन कॉलोनी तक फैल गया। इससे कॉलोनी के लोगों में अनहोनी के अंदेशे से खौफ पसर गया वहीं देखते - देखते कुम्हारी की ओर लंबा जाम लग गया कुम्हारी थाना प्रभारी योगेश्वर वर्मा ने बताया कि खबर मिलते ही सहित कुम्हारी थाने पुलिस और ट्रेफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की सूचना पर नगर पालिका की टीम भेजकर सड़क से लेकर कॉलोनी तक फैले केमिकल पर रेत की परत डलवा दी इसी दौरान ट्रेफिक पुलिस ने भी जरुरी संसाधन का उपयोग करते हुए सड़क पर पलटी मिनी ट्रक को उठाकर साइड लगा दिया।

## समोदा बैराज से शराब फैक्ट्री को पानी देने के विरोध में कांग्रेस व ग्रामीणों का प्रदर्शन



**महासमुंद।** पिकाडिली शराब फैक्ट्री को महानदी (समोदा बैराज) से पानी दिए जाने से नाराज ग्राम अछोली के ग्रामीणों तथा सैकड़ों कांग्रेस जनों ने पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व में आज पिकाडिली फैक्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने फैक्ट्री को बैराज से पानी देने से नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुबंध निरस्त करने की मांग की। पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर कहा कि इसी बैराज से महासमुंद विधानसभा के 48 गांवों को पानी देने समूह जल प्रदाय योजना के तहत इंटेकवेल बन चुका है। बैराज से पहले ही खरोरा के समीप स्थित अडानी के पावर प्लांट को क्षमता के 80 फीसदी पानी दिया जा रहा है। साथ ही नगर पंचायत खरोरा को भी नल जल योजना के तहत इसी बैराज से पानी की आपूर्ति हो रही है। शेष पानी को महासमुंद विधान सभा के 48 गांवों को समूह जल प्रदाय के तहत पानी देने की योजना है। अब यदि शराब फैक्ट्री को यहां से पानी दिया गया तो क्षेत्र के 48 गांवों तक पानी पहुंच पाना मुश्किल है। गांवों की प्यास बुझाने के लिए जन कल्याण की भावना से पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा यह योजना बनाई गई थी। जिसे भाजपा की सरकार द्वारा उद्योगों को पानी देने की स्वीकृति देकर इस महत्व पूर्ण योजना पर पानी फेरा जा रहा है। यदि बैराज का पानी शराब फैक्ट्री को दी गई तो क्षेत्र के गांवों तक पानी नहीं पहुंचेगा। करोड़ों रुपए की इस योजना पर पानी फिर जाएगा।

विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्राम अछोली से हुकेश्वर साहू, लोकेश जांगड़े, तेजा जांगड़े, सुशील निषाद, कलेश्वर, सतराम साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि सन्नी निषाद, जुम्मन साहू, कुलेश्वर साहू, गजेंद साहू पंच, भोरिंग भेख राम साहू उपसरंच, वेदप्रकाश साहू पंच, पराग आवडे पंच, चम्मन साहू पंच, अभिषेक नेहरू, पंच प्रतिनिधि चैटिश चेलक, पंच प्रतिनिधि बोधन सोनवानी, पंच प्रतिनिधि प्रीतम साहू, पंच प्रतिनिधि आनंद टंडन, पंच तरुण साहू, बेल्टुकरी से चम्मन मार्कण्डेय उपसरपंच, डागेश्वर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन

**रायपुर, 13 सितंबर।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन करने पर सरगुजा जिले के 19 खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करते हुए कुल 3 लाख 10 हजार रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के सुरक्षा अधिकारियों द्वारा इन प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर भेजे गए थे। जांच रिपोर्ट में नमूने अमानक एवं मिथ्याछाप पाए जाने पर प्रकरणों को विवेचना और सुनवाई उपरांत सभी 19 फर्मों को अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

जिन प्रतिष्ठानों पर जुर्माना लगाया गया उनमें प्रमुख रूप से शिवम डेली नीड्स, न्यू बस स्टैण्ड, अंबिकापुर, नवीन किराना स्टोर, एमजी रोड, अंबिकापुर, मोनिका केरकेट्टा, ग्राम सिलसिला, आनन्द किराना स्टोर, महामाया रोड, अंबिकापुर, शीतल रेस्टोरेंट, लखनपुर, एसबी बाजार, बनारस रोड, अंबिकापुर, पंचशील स्वीट्स, देवीगंज रोड, अंबिकापुर, बीकानेर नमकीन भण्डार, अंबिकापुर, आयुषी स्वीट्स, गांधी नगर, अंबिकापुर सहित अन्य प्रतिष्ठान शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता करने वाले प्रतिष्ठानों पर भविष्य में भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े सरगुजा संभाग के दौरे पर



**जशपुर, 13 सितम्बर ।** महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े इन दिनों विभागीय योजनाओं की जमीनी हकीक़त देखने सरगुजा संभाग के दौरे पर हैं। इसी कड़ी में उन्होंने आज जशपुर जिले के ग्राम रूपसेरा और लोदाम स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पोषण आहार वितरण व्यवस्था, स्वास्थ्य परीक्षण, शिक्षा संबंधी गतिविधियों, स्वच्छता व्यवस्था तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा संचालित सेवाओं का विस्तार से अवलोकन किया।इस दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मासूम बच्चों को गोद में लेकर दुलार किया और उन्हें चॉकलेट भी वितरित की। उनके इस स्नेहिल व्यवहार से बच्चे बेहद खुश नज़र आए और केंद्र का माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के भविष्य को आकार देने की पहली पाठशाला है, इसे और सशक्त बनाना हमारी साझा जिम्मेदारी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े सरगुजा संभाग के दौरे परभ्रमण के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों से संबंधित किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला में साढ़े तीन हजार पदों के लिए की गई भर्ती



**महासमुंद, 13 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद में किया गया। रोजगार मेला में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी शामिल हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष के रूप में विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा मौजूद थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती दिशा दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री देवीचंद्र राठी, श्री येतराम साहू, आनंद साहू, पियूष साहू, महेन्द्र सिका, संदीप घोष, श्री संदीप दीवान, रमेश साहू, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, प्राध्यापकगण, एसडीएम श्री हरिशंकर पैकरा सहित बड़ी संख्या में युवा, जनप्रतिनिधि और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूप कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सुशासन में युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें केवल नौकरी करने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनना होगा। सरकार युवाओं को पूरी तरह सजगता से स्थानीय स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह गौरव का क्षण है कि आज युवाओं को यहां पर जॉब ऑफर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की युवाओं में स्किल की कमी नहीं है। उन्हें पहचान कर उनके हुनर को तराशने की आवश्यकता है। आज युवाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने अवसरों के द्वार खोल दिए हैं। लोकल फॉर वोकल के मंत्र के साथ स्थानीय स्तर पर और राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन की सराहना की एवं युवाओं को बधाई दी।विधायक श्री योगेश्वर राजू सिंह ने कहा कि 20 से 22 वर्ष की आयु में रोजगार की प्राप्ति हर युवा का सपना होता है। रोजगार मेला इसी उद्देश्य की पूर्ति की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

**36 परिवारों को मिलेगा सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन, सामाजिक-आर्थिक उत्थान की दिशा में ऐतिहासिक पहल**

## आवास से आजीविका तक - मसानडबरा आवास कॉलोनी बनेगी कमार समाज की पहचान



**धमतरी, 13 सितंबर ।** धमतरी जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत संकरा के आश्रित ग्राम मसानडबरा में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत पक्के मकानों का निर्माण किया जा रहा है, ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक आवास मिल सके। यह पहल कमार जनजाति के रहन-सहन और मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। यह देश की दूसरी तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश की पहली प्रधानमंत्री जनमन आवास कॉलोनी है, जो कमार समुदाय के सुरक्षित, सम्मानजनक और बेहतर जीवन स्तर की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

जिला धमतरी के अंतिम छोर सुदूर वनांचल में स्थित ग्राम मसानडबरा, जो ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित ग्राम के रूप में ग्राम पंचायत मुख्यालय से 05 किमी. की दूरी पर स्थित है। मसानडबरा में मुख्यकर कमार परिवारों का बसाहट है, जहां 42 परिवार में 173 लोग निवासरत है, जिसमे 36 पात्र परिवारों को स्वीकृति प्रदान किया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, योजना अंतर्गत जिले में कमार परिवारों 1481 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से अब तक 982 आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इस योजना के तहत लगभग 66 प्रतिशत कार्य संपन्न हो गया है। अब तक 1470 हितग्राहियों को 23.90 करोड़ रुपये की राशि प्रदाय की जा चुकी है। धमतरी जिले में जिनकी तकरीबन 1800 परिवार निवासरत है। प्रधानमंत्री जनमन आवास कॉलोनी से कमार परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास प्राप्त होगा। साथ ही, उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। यह पहल उपेक्षित समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का एक सशक्त कदम है। बसाहट के लोगो कि सामाजिक एवं आर्थिक स्थितिः यहां के कमार परिवारों कार्य जंगल के लकड़ी निकटतम ग्रामों में जाकर बेचना व उससे प्राप्त राशि से गुजर बसर करना है। यहां के कमार परिवारों का मुख्य जीवन यापन का साधन वनोपज के अंतर्गत महुआ, टोरा, कोसा, कंदमूल, दातुन एवं तेंदुपत्ता से प्राप्त आय पर आधारित है। यहां के कमार परिवार बहुत ही कम पढ़े लिखे है जिसके कारण समीपवर्ती अन्य ग्रामों से रहन सहन बहुत ही भिन्न है।

## श्रमिकों के स्वास्थ्य जांच शिविर में 500 से अधिक श्रमिक हुए शामिल

**धमतरी, 13 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिलेभर में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में श्रम विभाग द्वारा आज अग्रसेन भवन धमतरी में श्रमिक स्वास्थ्य परीक्षण, पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का सफल आयोजन हुआ।मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर श्री रामू रोहरा ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महापौर श्री रोहरा ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में 2.50 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण होना प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया द्य उन्होंने कहा कि शासन की श्रम अन्न सहायता योजना के तहत मात्र 5 रुपए में भोजन की सुविधा को श्रमिक हितैषी कदम है ।उन्होंने शिविर में श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना अंतर्गत तीन हितग्राहियों को चेक वितरित किए गए, जिनका भुगतान डीबीटी के माध्यम से होगा। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि शिविर में मोबाइल मेडिकल यूनिट से 75, कर्मचारी राज्य बीमा निगम से 300, स्वास्थ्य विभाग से 72 और आयुष विभाग से 120 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी गईं। साथ ही 15 नए हितग्राहियों का पंजीयन एवं एक हितग्राही का नवीनीकरण किया गया। शिविर में पंजीयन, नवीनीकरण तथा श्रम अन्न सहायता केंद्र से भोजन वितरण की व्यवस्था भी की गई। श्रम पदाधिकारी श्री एन.के. साहू ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए श्रमिक कल्याण की दिशा में की गई उपलब्धियों का उल्लेख किया तथा श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग की जानकारी दी।

## एक नजर

### डरबन सुपर जायंट्स को मिला नया कप्तान, साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी को मिली कमान



**डरबन, 13 सितंबर।** साउथ अफ्रीका से बड़ी खबर सामने आई है। साउथ अफ्रीका की टी20 लीग यानी टी-20 की टीम डरबन सुपर जायंट्स को नया कप्तान मिल गया है। डरबन सुपर जायंट्स ने टी-20 2025-26 सीजन के लिए एडन मारक्रम को अपना कप्तान नियुक्त किया है। डरबन सुपर जायंट्स ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर ये जानकारी दी। फ्रेंचाइजी ने एक AI वीडियो के जरिए मारक्रम को कप्तान बनाए जाने का ऐलान किया। इस वीडियो में मारक्रम को जहाज के कप्तान के रूप में दिखाया गया, जो तूफानी समुद्र पार कर अपनी मंजिल तक पहुंचता है।

ऑक्शन में खरीदे जाने के बाद से मारक्रम के कप्तान बनने की संभावना लगाई जा रही थी। उन्होंने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को लगातार दो बार (2023 और 2024) SA20 खिताब जिताया था। इसके अलावा वह साउथ अफ्रीका की T20I टीम के भी कप्तान हैं। यही वजह है कि डरबन सुपर जायंट्स ने मारक्रम को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पहले केशव महाराज टीम के कप्तान थे। गौरतलब है कि इस महीने हुई टी 20 के ऑक्शन से पहले ही मारक्रम ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को छोड़ दिया था।

# भारत के खिलाफ मैच से पहले बढ़ गई पाकिस्तान की टेंशन

## एक ही मुकाबले में खुल गई सारी पोल

**नई दिल्ली, 13 सितंबर।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम को एशिया कप 2025 में 14 सितंबर को भारत के खिलाफअपना अगला मैच खेलना है, लेकिन उससे पहले ही उनकी टेंशन जरूर बढ़ गई है। ओमान के खिलाफ मुकाबले में पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी, जिसमें उन्होंने 20 ओवर्स में सिर्फ 160 रनों का स्कोर बनाया, एक समय पाकिस्तानी टीम 180 या उससे अधिक का स्कोर बनाते हुए दिख रही थी, लेकिन अंतिम ओवर्स उनकी टीम उम्मीद के अनुसार तेजी से रन बनाने में सफल नहीं हो सकी। ऐसे में अब पाकिस्तानी टीम के बल्लेबाजों के स्ट्राइक रेट को लेकर फिर से सवाल उठने लगे हैं।



दुबई के मैदान पर खेले गए ओमान के खिलाफमुकाबले में पाकिस्तान की तरफसे बल्लेबाजी में सिर्फमोहम्मद हैरिस ने 66 रनों की पारी खेली जिसमें उन्होंने कुल 43 गेंदों का सामना किया। इसके अलावा अन्य कोई भी बल्लेबाज 30 रनों का आंकड़ा भी पार करने में कामयाब नहीं हो सका। ओमान के गेंदबाजों के खिलाफ पाकिस्तानी टीम के बल्लेबाज बड़ा शॉट खेलने का प्रयास तो कर रहे थे लेकिन वह इसमें सफल होते नहीं दिखाई दिए, ऐसे में भारत के खिलाफहोने वाले मैच से पहले उनकी टीम के लिए एक बड़ी टेंशन की बात जरूर, जिसमें पाकिस्तानी टीम के बल्लेबाजों को जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की गेंदों का सामना करना होगा।

मोहम्मद हैरिस ने ओमान के खिलाफ मैच के बाद पाकिस्तानी टीम के बल्लेबाजों के स्ट्राइक रेट को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब प्रेस कॉन्फ्रेंस में देते हुए कहा कि हमारी टीम को देखिए जिसमें हमने खुद को इस मामले में पहले साबित किया। हम ढाका में खेले जहां किसी भी टीम ने 180 का स्कोर नहीं बनाया था हमने ऐसा करके दिखाया। हमने वेस्टइंडीज में भी 180 रन बनाए और शारजाह में भी 200 रनों का स्कोर छूने में कामयाब रहे। इससे पहले पाकिस्तानी टीम ने यूएई में कभी 200 रनों का स्कोर नहीं बनाया था, लेकिन हम ऐसा करने में सफल रहे। इसलिए टीम का रवैया वैसा ही रहेगा जैसा हम खेलते आए हैं। कोच और कप्तान की ओर से भी यही सलाह और निर्देश है।

### अर्शदीप सिंह को मिलेगा पाकिस्तान के खिलाफ मौका?

एशिया कप 2025 का सबसे हाई वोल्टेज मुकाबला 14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। इस मैच का सभी फैंस बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं। इस मैच को लेकर सभी के मन में कई तरह के सवाल हैं और सबसे बड़ा सवाल इस वक्त ये है कि इस मैच के लिए टीम इंडिया की प्लेइंग 11 क्या होगी। एक सवाल ये भी है कि अर्शदीप सिंह जिन्हें यूएई के खिलाफमैच में मौका नहीं मिला था, क्या उन्हें इस मैच में मौका मिलेगा। इसको लेकर टीम इंडिया के बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने बड़ा बयान दिया है।

दरअसल इंडिया पाकिस्तान मैच से पहले सितांशु कोटक से अर्शदीप सिंह को बाहर किए जाने को लेकर सवाल किया गया। उनसे पूछा गया कि अर्शदीप सिंह पहले मैच की तरह इस मैच में भी बाहर बैठ सकते हैं। कोटक ने कहा कि उनको बाहर रखने का फैसला दुबई की धीमी और टर्निंग पिचों को देखते हुए यह फैसला लिया गया था। अगर जरूरत पड़ी, तो फिर से इसी तरह के फैसले लिए जाएंगे।

## सत्विक-चिराग हॉन्गकॉन्ग ओपन के फाइनल में

### चाइनीज ताइपे की जोड़ी को सीधे गेम में हराया



**हॉन्गकॉन्ग, 13 सितंबर।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी हॉन्ग कॉन्ग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के मेन्स डबल्स के फाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय जोड़ी ने शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में चाइनीज ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई की जोड़ी को हराया।

पहले गेम में सत्विक-चिराग ने चाइनीज ताइपे की जोड़ी को 21-17 से और दूसरे गेम में 21-15 से मात दी। सात्विक-चिराग की यह इस सीजन का पहला फाइनल है। इससे पहले उन्हें 6 सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। अब फाइनल में उनका मुकाबला चीन के लियांग वेई कांग और वांग चांग तथा चीनी ताइपे के फांग-चिह ली और फांग-जेन ली के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा

भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की जोड़ी जुनैदी अरिफ और रॉय किंग याप को तीन गेम वाले मुकाबले में हराया था। पहले गेम में उन्होंने मलेशियाई जोड़ी को 21-14 से आसानी से हरा दिया। लेकिन दूसरे गेम में वे थोड़े चूक गए और 20-22 से हार गए, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। फिर तीसरे और निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की। वे 21-16 से जीतकर टूर्नामेंट सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। यह मैच एक घंटे से ज्यादा समय तक चला।

## भारत ने डेविस कप में स्विट्जरलैंड के खिलाफ बनाई बढ़त

### 626वीं रैंक वाले दक्षिणेश्वर ने किया उलरफेर

**स्विट्जरलैंड, 13 सितंबर।** डेविस कप के ग्रुप स्टेज के मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विट्जरलैंड के खिलाफ पहले दिन 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। रिजर्व प्लेयर दक्षिणेश्वर सुरेश ने शुक्रवार को अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जेरोम काइम को सीधे सेटों में 7-6, 6-3 से हराकर भारत को पहली जीत दिलाई। जबकि सुमित नागल ने भी जीत से वापसी की। उन्होंने मार्क-एंड्रिया ह्यूस्लर को 6-3, 7-6 से हराया।

फिलहाल, दक्षिणेश्वर की ATP रैंकिंग 626 और काइम की 155 है। कप्तान रोहित राजपाल ने आर्यन शाह की जगह दक्षिणेश्वर पर भरोसा जताया और इस खिलाड़ी ने उन्हें निराश नहीं किया।



मैच के बाद दक्षिणेश्वर ने कहा- मैंने दबाव में शांत रहने की कोशिश की और अपनी ताकत पर भरोसा किया। पहली बार देश के लिए खेलने का बहुत दबाव था। मुझे लगता है कि मैंने इसे काफी अच्छे से संभाला।

शुरुआती दो सिंगल्स मुकाबलों में जीत के साथ भारतीय टीम अब यूरोपीय धरती पर एक यादगार डेविस कप जीत के करीब पहुंच गई है। उसे अब होने वाले तीन मैचों में से एक में जीत हासिल करनी होगी। यदि टीम एक मैच जीत लेती है तो यह स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच अपने नाम कर लेगी। भारत ने पिछली बार 1993 में कान्स में किसी यूरोपीय टीम को हराया था, जब लिएंडर पेस और रमेश कृष्णन की अगुआई में टीम ने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस को 3-2 से हराया था।

डेविस कप टेनिस का एक इंटरनेशनल टीम टूर्नामेंट है। इसमें केवल मेंस प्लेयर्स हिस्सा लेते हैं। जिसे टेनिस का वर्ल्ड कपभी कहा जाता है। यह 1900 में अमेरिका और ग्रेट ब्रिटेन की टीमों के बीच शुरू हुआ था, और अब इसमें 150 से ज्यादा देशों की टीमें हिस्सा लेती हैं। यह हर साल खेला जाता है। इसका आयोजन इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन करता है।

## इंग्लैंड के टी20 में पहली बार 300+ रन

### अफ्रीका को 146 रनों से हराया

**मैनचेस्टर, 13 सितंबर।** विकेटकीपर-बल्लेबाज फिल सॉल्ट इंग्लैंड के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए दूसरे टी-20 में 39 गेंदों में शतक लगाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। सॉल्ट ने 141 रन की नाबाद पारी खेली, जो इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर है। इंग्लैंड ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मैच में 20 ओवर में 304 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल में इंग्लैंड का हाईएस्ट और दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। 304 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम 158 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह इंग्लिश टीम ने यह मैच 146 रन से जीत लिया।



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। सॉल्ट (नाबाद 141, 60 गेंद, 30 चौके, 9 छक्के) और कप्तान जोस बटलर (39 गेंद में 83 रन) ने पहले विकेट के लिए 47 गेंदों पर 126 रन जोड़ दिए। पावरप्ले में ही इंग्लैंड का स्कोर 106/1 हो गया। फिल सॉल्ट ने मार्को यानसन के पहले ओवर में 18 रन बटोरे। बटलर ने लिजाड विलियम्स के खिलाफ 22 और कगिसो रबाडा के खिलाफ 20 रन बनाए। फिल सॉल्ट और कप्तान जोस बटलर ने पहले विकेट के लिए 47 गेंदों पर 126 रन की साझेदारी की।

बटलर ने 18 गेंदों में टी-20 करियर का अपना सबसे तेज अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 30 बॉल पर 83 रन की पारी खेली। वह ब्योर्न फॉर्च्यून की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद सॉल्ट ने पारी को संभाला। उन्होंने जैकब बेथेल (14 गेंद, 26 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 95 रन और हैरी ब्रूक (41 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 37 गेंदों पर नाबाद 83 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड ने 304/2 का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

## व्यापार

### वजूद में आएंगे 2 बड़े बैंक, सरकार की है बड़ी तैयारी

**नई दिल्ली, 13 सितंबर।** केंद्र सरकार दो बड़े बैंक को वजूद में लाने की योजना बना रही है। दरअसल, वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) की तरफसे आयोजित 'पीएसबी मंथन 2025' के पहले दिन वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बैंकों के गठन पर चर्चा हुई। जानकारी के मुताबिक दो ऐसे विश्व-स्तरीय बैंकों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है जिनकी परिसंपत्तियां उन्हें विश्व के शीर्ष 20 बैंकों की सूची में शामिल करें। फिलहाल देश का सबसे बड़ा बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) वैश्विक स्तर पर परिसंपत्तियों के आधार पर 43वें स्थान पर है जबकि निजी क्षेत्र का एचडीएफसी बैंक 73वें स्थान पर है। बैठक को लेकर एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि विचार-विमर्श का मुख्य मुद्दा यही था कि कम-से-कम दो भारतीय बैंक स्वाभाविक ढंग से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनें और शीर्ष 20 बैंकों में शामिल हों।

# सहारा निवेशकों के पैसे लौटाने के लिए सेबी को मिला नया आदेश




**नई दिल्ली, 13 सितंबर।** अगर सहारा समूह में पैसा लगाने वाले निवेशक हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने सहारा समूह की सहकारी समितियों के जमाकर्ताओं का बकाया चुकाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास जमा रकम में से 5,000 करोड़ रुपये जारी करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने केंद्र सरकार द्वारा दायर उस आवेदन को मंजूरी दी जिसमें सेबी-सहारा रिफंड खाते में रखी राशि से जमाकर्ताओं को भुगतान करने का अनुरोध किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के आग्रह को स्वीकार करते अनुमति दे दी। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने निवेशकों को जारी राशि के वितरण की समयावधि बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2026 तक कर दी है।

हालांकि, बाद में सेबी की ओर से पेश अधिवक्ता ने पीठ से इस आदेश को सोमवार तक के लिए स्थगित करने और सक्षम प्राधिकार से निर्देश प्राप्त करने और अदालत को सूचित करने के लिए समय देने का आग्रह किया। हालांकि, शीर्ष कोर्ट ने समय देने या अपने आदेश स्थगित करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि रकम का हस्तांतरण सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी की देखरेख में और शीर्ष कोर्ट के मार्च, 2023 के आदेश में उल्लिखित तरीके से 1 सप्ताह के भीतर किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश पिनाक पाणि मोहंती नामक व्यक्ति की ओर से दाखिल जनहित याचिका में केंद्र सरकार द्वारा दाखिल अर्जी पर विचार करते हुए दिया। मोहंती ने अपनी याचिका में चिटफंड कंपनियों और सहारा क्रेडिट फर्मों के निवेशकों को भुगतान के लिए आदेश देने की मांग की है।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि पहले जारी की गई राशि निर्धारित समय सीमा में जमाकर्ताओं को वितरित नहीं की जा सकी और उस पर ब्याज अर्जित हुआ। कोर्ट को बताया गया कि अब तक दावा की गई कुल राशि 1,13,504.124 करोड़ रुपये थी।

### नया नियम लाने की तैयारी में आरबीआई

# लोन पर लिए गए मोबाइल फोन की नहीं चुकाई ईएमआई तो हो जाएगा लॉक

**नई दिल्ली,13 सितंबर ।** लोन पर लिए गए मोबाइल फोन्स को जल्द ही लॉक करने की मंजूरी मिल सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक अब लोन देने वाले संस्थानों को ऐसी सुविधा देने पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, RBI अपने फेयर प्रैक्टिस कोड्स को अपडेट कर सकता है, ताकि डिफॉल्ट के बढ़ते मामलों से निपटा जा सके। बढ़ते डिफॉल्ट मामलों के बीच बैंकों और फाइनेंस कंपनियों को यह सुविधा मिलने की संभावना है, जिससे वे लोन न चुकाने की स्थिति में यूजर्स के फोन लॉक कर सकें।

2024 में आई होम क्रेडिट फाइनेंस की एक स्टडी के अनुसार, भारत में हर तीन में से एक कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट छोटे लोन पर खरीदा जाता है, जिसमें स्मार्टफोन सबसे आगे हैं। 1.4 अरब की आबादी वाले भारत में 1.16 अरब मोबाइल कनेक्शन हैं, जिससे साफ है कि यह फैसला करोड़ों लोगों को प्रभावित कर सकता है।




पहले भी कई लेंडर्स लोन पर लिए गए मोबाइल्स को लॉक करने के लिए थर्ड-पार्टी ऐप्स का सहारा लेते थे। ये ऐप्स फोन में इंस्टॉल किए जाते थे और लोन डिफॉल्ट की स्थिति में फोन को लॉक कर देते थे। हालांकि, पिछले साल RBI ने इस तरह की प्रैक्टिस पर रोक लगा दी थी। अब एक बार फिर RBI इस व्यवस्था को औपचारिक रूप देने की तैयारी में है। इसके लिए केंद्रीय बैंक एक गाइडलाइन जारी कर सकता है, जो अगले कुछ महीनों में सामने आ सकती है।

इस प्रक्रिया को लागू करने के लिए बैंक और NBFC (नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियां) एक खास ऐप का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह ऐप मोबाइल खरीद के वक्त ही फोन में इंस्टॉल किया जाएगा।

### स्टार हेल्थ की कैशलेस सर्विस पर अब खतरा बढ़ सकती है बीमाधारकों की मुश्किलें

**नई दिल्ली, 13 सितंबर।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ने चेतावनी दी है कि वह अनुचित व्यवहार की शिकायतों के कारण 22 सितंबर से स्टार हेल्थ पॉलिसीधारकों के लिए कैशलेस सेवाएं वापस ले लेगा। बता दें कि यह एसोसिएशन 15,000 से अधिक अस्पतालों का प्रतिनिधित्व करता है।अगर स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस के ग्राहक हैं तो ये खबर आपको निराश कर सकती है। दरअसल, आगामी 22 सितंबर से बीमाधारकों की कैशलेस सर्विसेज बंद होने का खतरा है। इस संबंध में एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया ने स्टार हेल्थ को चेतावनी भी दी है। आपको बता दें कि एएचपीआई 15,000 से अधिक अस्पतालों का प्रतिनिधित्व करता है। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ने चेतावनी दी कि वह अनुचित व्यवहार की शिकायतों के कारण 22 सितंबर से स्टार हेल्थ पॉलिसीधारकों के लिए कैशलेस सेवाएं वापस ले लेगा। यह तब तक के लिए लागू रहेगा जबतक बीमाकर्ता के साथ कोई समझौता नहीं हो जाता। आपको बता दें कि अगस्त में बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस और केयर हेल्थ इंश्योरेंस का AHPI के साथ क्लेम के सैटलमेंट में देरी, नए अस्पतालों को सूचीबद्ध करने में देरी, पैकेज दरों में संशोधन न करने, गैर जरूरी दस्तावेजों की मांग समेत कई विवाद हुए थे। दोनों को चेतावनी दी गई थी कि उनकी कैशलेस सेवाएं वापस ले ली जाएंगी, लेकिन अंततः बातचीत के जरिए उन्होंने अपने मुद्दे सुलझा लिए। AHPI के सदस्य अस्पतालों का आरोप है कि स्टार हेल्थ ने बढ़ती लागत के अनुरूप पुराने टैरिफमें संशोधन करने से इनकार कर दिया है।

# जीएसटी सुधार से जुड़ी उम्मीदों और दूसरी छमाही में बेहतर आय से निफ्टी में इस सप्ताह 1.32 प्रतिशत की तेजी दर्ज

**मुंबई, 13 सितंबर ।** वित्त वर्ष 26 की दूसरी छमाही में बेहतर आय और जीएसटी को तर्कसंगत बनाने और मौद्रिक नरमी के लाभों से प्रेरित वित्त वर्ष 26 की दूसरी छमाही में बेहतर आय की उम्मीदों के चलते इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजारों में जोरदार तेजी देखी गई। ऑटो और आईटी शेयरों में तेजी के चलते बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी और सेंसेक्स क्रमशः लगभग 1.32 प्रतिशत और 1.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने बेंचमार्क सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया।

फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों, इंफोसिस की बायबैक घोषणा और टेक्नोलॉजी खर्च में सुधार को लेकर आशावाद के चलते आईटी सूचकांक में तेजी देखी गई। निफ्टी 373 अंक बढ़कर एक




बुलिश कैंडल बना रहा है। विश्लेषकों ने कहा कि वीकली चार्ट पर सूचकांक ने सिमेट्रिकल ट्रायंगल पैटर्न को तोड़ दिया है, जो आगे और तेजी की संभावना का संकेत देता है। चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग के अनुसार, निफ्टी ने 25,100 के स्तर से ऊपर बने रहकर 25,114 पर बंद होकर मजबूती का प्रदर्शन किया। यह अपने प्रमुख ईएमए स्तरों से ऊपर कारोबार करना जारी रखे हुए है, जो तेजी के रुझान को दर्शाता है। तत्काल प्रतिरोध स्तर 25,160 और उसके बाद 25,250 और 25,500 क्षेत्र हैं। तत्काल समर्थन 24,900 और फिर 25,000 पर दिखाई देता है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आईटी सेक्टर के विपरीत, उपभोक्ता-केंद्रित क्षेत्र जैसे ऑटो और एफएमसीजी में तेजी आई है, क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि जीएसटी में कटौती से घरेलू खपत बढ़ेगी और मांग में सुधार में मदद मिलेगी। घरेलू उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति में मामूली वृद्धि दर्ज की गई और निरंतर विदेशी निकासी ने रुपए पर दबाव डाला। वैश्विक व्यापार तनावों के बीच मजबूत सुरक्षित निवेश मांग के कारण सोना नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। इस सप्ताह, अगस्त में अमेरिकी खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 2.9 प्रतिशत हो गई, जो जनवरी के बाद से उच्चतम दर है।

फूड और एनर्जी को छोड़कर, मुख्य मुद्रास्फीति 3.1 प्रतिशत पर स्थिर रही। बाजार का ध्यान रोजगार में वृद्धि में स्लोडाउन और फेड द्वारा ब्याज दरों में ढील दिए जाने की तीव्र संभावना पर केंद्रित रहा। 10-ईयर यूएस ट्रेजरी नोट घटकर 4 प्रतिशत रह गया, जो अप्रैल के बाद से सबसे निचला स्तर है। कई विश्लेषकों ने लगातार उच्च मुद्रास्फीति के बीच फेड को दरें कम करने के प्रति आगाह किया है। उन्होंने अगस्त में संयुक्त राज्य अमेरिका की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति और श्रम बाजार की गतिशीलता में तीव्र गिरावट के कारण, उन्होंने अगले सप्ताह होने वाली एफओएमसी बैठक में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद जताई है और 2025 तक कुल मिलाकर लगभग तीन कटौती की उम्मीद है।

**न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला- दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.:-202509100800013 /अ-6/वर्ष 2024-2025 ग्राम- बिरोदा/प.ह.नं.-23,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका स्वती ठाकुर पति पिताम्बर सिंह ठाकुर जाति क्षत्रिय निवासी वार्ड नंबर 68 शीतला पारा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर के द्वारा विक्रय विलेख का नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि मौजा ग्राम बिरोदा, प.ह.नं. 23 स्थित भूमि खसरा नंबर 649, 656, 659 रकबा क्रमशः 0.07, 0.26, 0.27 हे. कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.60 हे. भूमि वर्तमान में प्रणव पिता बसंत कुमार के नाम पर दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया गया है। जिसका नामांतरण करनें बाबत् आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 26/09/2025 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 08/09/2025**
**आगामी पेशी दिनांक- 26/09/2025**

मुहर

तहसीलदार
धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## एक नजर

### राह चलती महिला का पर्स छीनकर एक्टिवा सवार बदमाश हुए फरार, घटना सीसीटीवी में कैद



**रायपुर, 13 सितम्बर।** राजधानी रायपुर में बदमाशों के हौंसले बुलंद है. गुढ़ियारी इलाके में लूट की वारदात सामने आई है. स्कूटी बदमाशों ने फोन पर बात करते हुए जा रही महिला को निशाना बनाया और उसका पर्स छीनकर फरार हो गए. शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक, सड़क पर महिला फोन पर बात करते हुए जा रही थी. इसी दौरान पीछे की तरफ से स्कूटी सवार बदमाश आए और महिला के बाएं हाथ में रखे पर्स को छीननकर फरार हो गए. घटना के बाद महिला ने गुड़ियारी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है. गुढ़ियारी थाना प्रभारी ने घटना को लेकर जानकारी दी कि मामले में शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज कर ली गई है. पुलिस लोगों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. घटना में 3 बदमाश शामिल है. सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### पेंड्रा में बिजली गिरने से युवक-युवती की मौत

**रायपुर, 13 सितम्बर।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के कोलबिरा गांव में बिजली गिरने से एक युवक और एक युवती की मौत हो गई। दोनों की लाश पेड़ के नीचे मिली है। मृतक युवक की पहचान अंडी गांव के कमलेश प्रजापति के रूप में हुई है। युवती मझगवा गांव की रहने वाली थी। दोनों शुक्रवार शाम से लापता थे। परिजन तलाश में जुटे थे, तभी जंगल की ओर गए लोगों को आज दोनों के शव मिले हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, तेज बारिश और गरज-चमक के दौरान दोनों ने एक पेड़ के नीचे खड़े थे। इसी दौरान वे आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इस बीच मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों तक गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। उसके बाद बारिश की गतिविधि में कमी आएगी। आज प्रदेश के 33 जिलों में यलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

### मुख्यमंत्री से पूज्य संत असंग देव जी ने की सौजन्य भेंट

**रायपुर, 13 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में परम पूज्य संत श्री असंग देव जी ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने शॉल और श्रीफल भेंट कर पूज्य संत श्री असंग देव जी का सम्मान किया तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। संत श्री असंग देव जी ने मुख्यमंत्री को गौमाता की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पूज्य संत श्री असंग देव के मध्य विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब तथा बड़ी संख्या में संत असंग देव जी के अनुयायी संतगण भी उपस्थित थे।

### छात्र संघ चुनाव नहीं होने से राष्ट्रीय दलों के युवा संगठनों में रोष

**रायपुर, 13 सितंबर।** उच्च शिक्षा विभाग ने रविशंकर विवि से संबद्ध 150 महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव को दूर अब मनोनयन भी नहीं नहीं करने का निर्देश दिया है। सरकार के इस फैसले से छात्रों में रोष है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य में इस वर्ष छात्रसंघ चुनाव नहीं हो रहे है इस संबंध उच्च शिक्षा विभाग का कहना है कि राज्य में कुल 12 विवि है। जिनमें से छह निजी है। तथा छह शासकीय है। शासकीय महाविद्यालयों में हमारा नियंत्रण है। पिछले दिनों राज्यपाल द्वारा बैठक बुलाई गई थी जिसमें कुलपतियों ने रिपोर्ट में कहा था कि छात्रसंघ चुनाव कराने से महाविद्यालयों में अराजकता फैलती है तथा पढ़ाई लिखाई चौपट हो जाती है। कांग्रेस के युवा नेता आकाश शर्मा ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने से छात्रों में रोष है एनएचयूआई द्वारा इसका विरोध किया जाएगा। सत्तारूढ़ दल के अभाविप के नेताओं ने भी चुनाव कराने की मांग की है इस संबंध में कुलाधिपति एवं राज्यपाल को शीघ्र ज्ञापन सौंपा जाएगा। रविशंकर विवि के मीडिया प्रभारी ने भी चुनाव नहीं कराने की फैसले की जानकारी दी। महाविद्यालय तो दूर अब विवि में भी चुनाव नहीं होते। ज्ञात रहे छात्र राजनीति से ही छात्रनेता आगे बढ़ते है तथा वे भारतीय राजनीति में प्रवेश करते हैं।

# सुयश हॉस्पिटल की लापरवाही से हई थी मरीज की मौत, प्रबंधन देगा 16 लाख मुआवजा

- इंजेक्शन लगने के बाद गई थी जान, 13 साल पुराने मामले में उपभोक्ता फोरम ने सुनाया फैसला

**रायपुर, 13 सितम्बर।** राजधानी रायपुर के कोटा इलाके में संचालित सुयश हॉस्पिटल में एडमिट एक मरीज की इंजेक्शन लगने के बाद जान चली गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया और उपभोक्ता फोरम में केस कर दिया। घटना साल 2010 की है।

केस करने के 13 साल बाद इसमें फोरम का फैसला आया है। गुरुवार (13 सितंबर 2025) को उपभोक्ता फोरम ने सुयश हॉस्पिटल को दोषी मानते हुए उसके खिलाफआदेश जारी किया है।

आयोग ने अस्पताल को मरीज की मौत के मामले में 15 लाख रुपए मुआवजा (6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित), 1 लाख रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति और 10 हजार रुपए वाद व्यय देने का निर्देश जारी किया है।

**क्या है पूरा मामला:** हिमांशु सोनी साल 2008 में सड़क हादसे के बाद पैरों की कमजोरी और पेशाब नली की समस्या से जूझ रहे थे। 18 से 24 दिसंबर 2010 तक वे सुयश हॉस्पिटल में भर्ती रहे और उनकी लेजर सर्जरी हुई। अस्पताल ने उन्हें ठीक बताते हुए डिस्चार्ज कर दिया।

लेकिन दो दिन बाद यानी 26 दिसंबर को जब दर्द असहनीय हुआ तो उन्हें फिर अस्पताल लाया गया। वहां इंजेक्शन लगाने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई।




#### आयोग ने सुनाया ये आदेश

जिला उपभोक्ता आयोग ने अस्पताल की लापरवाही साबित मानते हुए हिना सोनी के पक्ष में फैसला सुनाया था। सुयश हॉस्पिटल ने इस आदेश को चुनौती दी, लेकिन राज्य उपभोक्ता आयोग की पीठ (न्यायमूर्ति गौतम चौरडिया और सदस्य प्रमोद कुमार वर्मा) ने अपील खारिज कर दी और जिला आयोग का आदेश बरकरार रखा। फैसला आने के बाद मृतक हिमांशु सोनी की पत्नी हिना सोनी ने राहत की सांस ली है। बता दें कि हिना सोनी ने सुयश हॉस्पिटल के खिलाफपरिवाद फोरम में केस किया था।

**अस्पताल प्रबंधन ने इंजेक्शन नहीं लगाने का किया था दावा:** हॉस्पिटल प्रबंधन ने दावा किया कि मरीज को पहले से मृत अवस्था में लाया गया और कोई इंजेक्शन नहीं दिया गया। लेकिन जिला आयोग में प्रतिपरीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने स्वीकार किया कि इंजेक्शन देकर पुनर्जीवन का प्रयास किया गया था।

इसके अलावा, अस्पताल ने सीसीटीवी फुटेज, विजिटर रजिस्टर और आवश्यक चिकित्सकीय दस्तावेज भी पेश नहीं किए। हिमांशु के पिता को रिपोर्ट तक नहीं दी गई, जिससे विशेषज्ञ राय नहीं ली जा सकी। इन तथ्यों ने लापरवाही को और स्पष्ट कर दिया।

### मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में निर्णय, धान खरीदी में बड़ा बदलाव

# धान तस्करी रोकने बनेगी स्पेशल टीम, एग्रीस्टेक-किसान पोर्टल पर होगा पंजीकरण

**रायपुर, 13 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में धान तस्करी रोकने अब स्पेशल टीम बनेगी। प्रदेश के किसानों का पैसा सही समय पर पहुंचे, इसलिए रियल टाइम मॉनिटरिंग विभागीय अधिकारी करेंगे। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी को लेकर शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में हुई मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में बड़ा फैसला लिया गया। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें तय किया गया कि इस बार किसानों का पंजीकरण एग्री स्टेक और एकीकृत किसान पोर्टल पर किया जाएगा।

**इस वजह से भुगतान में होती थी देरी:** अब तक पंजीकरण समिति और सहकारी संस्थाओं के स्तर पर होता था। किसानों को खसरा-खतौनी, आधार, बैंक पासबुक जैसे दस्तावेज जमा करने पड़ते थे। कागजी प्रक्रिया लंबी होने से दोहरे पंजीकरण, फर्जी किसानों के नाम से धान बेचने और रिसाइक्लिंग जैसी समस्याएं सामने आती थीं। भुगतान में भी कई बार देरी होती थी।

**एग्री स्टेक-किसान पोर्टल पर होगा पंजीकरण:** बैठक में मंत्रिमंडल ने साफ कहा कि नया सिस्टम इन खामियों को दूर करेगा। किसानों की पहचान और जमीन का ब्यौरा अब डिजिटल डेटाबेस से जुड़ेगा। इससे फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी और खरीदी व भुगतान की रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव होगी। किसानों को उनके धान का पैसा समर्थन मूल्य पर तय समय सीमा में सीधे खाते में मिलेगा।

**किसानों के पंजीयन का पुराना सिस्टम :** पहले धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीकरण मुख्य रूप से समिति/समिति कार्यालय या सहकारी समितियों के स्तर पर किया जाता था। किसानों को पंजीयन के लिए भौतिक दस्तावेज जमा करने होते थे, जैसे खसरा-खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि। कागजी प्रक्रिया लंबी और जटिल थी, जिससे कई बार दोहरे पंजीकरण, फर्जीवाड़े और धान रिसाइक्लिंग जैसी समस्याएं सामने आती थीं। भुगतान की प्रक्रिया भी कई बार विलंबित रहती थी क्योंकि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण सीमित था। सीमा क्षेत्रों से अवैध धान की आवक पर नियंत्रण कमजोर था।



#### नया सिस्टम 2025-26 से लागू

अब किसानों का पंजीकरण एग्रीस्टेक पोर्टल और एकीकृत किसान पोर्टल दोनों पर किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल और केंद्रीकृत डेटाबेस से जुड़ी होगी, जिससे किसान की पहचान और उसकी वास्तविक भूमि का विवरण रियल टाइम में देखा जा सकेगा। दोहरे पंजीकरण या फर्जी किसानों के नाम से धान बेचने की संभावना काफी हद तक खत्म होगी। खरीदी और भुगतान दोनों की ऑनलाइन ट्रैकिंग होगी। इससे किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान समय पर मिलने की संभावना बढ़ेगी। सीमावर्ती जिलों में अवैध धान रोकने के लिए पोर्टल से जुड़े क्रॉस वेरिफिकेशन और विशेष जांच दल दोनों का उपयोग किया जाएगा।

#### धान तस्करी रोकने बनेगी स्पेशल टीम

बैठक में धान खरीदी की अन्य तैयारियों पर भी चर्चा हुई। विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, धान उपार्जन के लिए नए और पुराने जूट बारदाने की उपलब्धता समय रहते सुनिश्चित की जाए। सीमावर्ती जिलों में अवैध धान की रोकथाम के लिए स्पेशल टीम बनाने का निर्देश दिया है। उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के लिए मिलों को पहले से तैयार करने पर भी जोर दिया गया। इस मीटिंग में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, वित्त विभाग के सचिव मुकेश बंसल और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा देकर ट्रांसपोर्ट कारोबारी से ठगी

- 71.50 लाख की ठगी, दो महिलाओं पर शक




**रायपुर, 13 सितम्बर।** राजधानी रायपुर के एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी डाकेश्वर सिंह से सोशल मीडिया के जरिए दो अलग-अलग महिलाओं ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 71.50 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। यह पूरा मामला धीरे-धीरे शुरू हुआ, पहले भरोसा दिलाया गया, फिर धीरे-धीरे लाखों रुपये की रकम हड़प ली गई। फिलहाल सरस्वती नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डाकेश्वर सिंह, जो कि कोटा (रायपुर) निवासी हैं और ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े हैं, उन्हें जून में सोशल मीडिया पर एक युवती श्रेया अग्रवाल की फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली। बातचीत बढ़ने लगी और युवती ने खुद को शेयर मार्केट से जुड़ा बताया। उसने बड़े मुनाफे वाले ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म की जानकारी दी और कुछ फर्जी स्क्रीनशॉट भी भेजे ताकि भरोसा बन सके।

श्रेया ने डाकेश्वर को एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा, जहां निवेश के जरिए मोटा लाभ होने की बात कही गई। झांसे में आकर डाकेश्वर ने 2 से 15 जुलाई के बीच अलग-अलग किश्तों में 19.50 लाख रुपये निवेश कर दिए। ऐप में मुनाफा करीब 78 लाख रुपये दिखाया गया। लेकिन जब कारोबारी ने पैसे निकालने की कोशिश की, तो टैक्स भरने की बात कहकर रोका गया। यहीं से उन्हें शक हुआ कि यह एक ठगी है। पहली ठगी से उबर भी नहीं पाए थे कि कुछ दिन बाद सोशल मीडिया पर ही आराध्या अग्रवाल नाम की एक अन्य युवती से उनकी बातचीत शुरू हुई। उसने पहले हुई ठगी के बारे में सुनकर सहानुभूति जताई और कहा कि उसका ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म भरोसेमंद है। युवती ने कारोबारी को पहले पांच लाख रुपये निवेश करने को कहा और फिर जल्दी ही छह लाख रुपये वापस भी भेजे। इससे डाकेश्वर को लगा कि यह प्लेटफॉर्म असली है। इसके बाद आराध्या ने फर्जी ऑनलाइन कॉन्ट्रैक्ट साइन करवाया और 2 से 31 अगस्त के बीच अलग-अलग खातों में कुल 52 लाख रुपये जमा करवा लिए। जब कारोबारी ने रकम वापस मांगी तो टैक्स और पेनाल्टी का बहाना बना कर पैसे देने से टालते रहे। आखिरकार, डाकेश्वर सिंह को समझ में आ गया कि वह दूसरी बार भी साइबर ठगों का शिकार हो चुके हैं।

# रायपुर में बीच सड़क लड़कों के बीच मारपीट, चाकू से मारा

### दूसरे पक्ष ने भी जानलेवा हमले की एफआईआर दर्ज कराई, 4 अरेस्ट

**रायपुर, 13 सितम्बर।** रायपुर के डीडी नगर एरिया में गुरुवार (11 सितंबर) की रात कुछ लड़कों ने एक व्यापारी को जमकर पीटा था, जिसके बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत की थी। इस मामले में दूसरे पक्ष ने भी व्यापारी पर जानलेवा हमले की एफआइआर दर्ज करवाई है। आरोप है कि ओम दुबे और उसके दोस्तों ने चाकू से हमला किया। जिसमें एक युवक के कमर में चाकू लगा है। इस मामले में पुलिस ने अब तक 4 लड़कों को गिरफ्तार किया है, वहीं अन्य बदमाशों की पुलिस तलाश में जुटी है। दूसरे पक्ष की एफआईआर आयुष अग्रवाल ने दर्ज करवाई है। जिसने बताया कि 11 सितंबर को वे जन्मदिन मना कर वापस लौट रहे थे। तभी रास्ते में अमन, ओम दुबे, वैभव उर्फहैप्पी और शुभम उर्फआकाश ठाकुर ने पुराने विवाद पर मारपीट की। आरोपियों ने हत्या करने की नीयत से चाकू से भी हमला किया। इस मामले में पुलिस ने अब तक दोनों पक्ष से 4 लड़कों को गिरफ्तार किया है।

**अन्य आरोपी की तलाश जारी:** पुलिस ने पहले पक्ष के आरोपी रायपुर के शुभम मिश्रा (29 साल) और आयुष अग्रवाल (24 साल) को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष से आरोपी ओम दुबे (25 साल) और वैभव रंगी उर्फ(25 साल) को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें बीच सड़क लड़के मारपीट करते नजर आ रहे हैं। हमले में लड़कों के सिर, माथे, गर्दन और पैरों में गंभीर चोटें आई है। दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई जिसके बाद से पुलिस ने हाफमर्डर का केस दर्ज किया है। वहीं, कांग्रेस ने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया है।

#### कांग्रेस ने उठाए सवाल

पीसीसी चीफदीपक बैज ने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया है। उन्होंने लिखा कि विष्णुदेव के सुशासन का सैंपल देखिए रायपुर की सड़कों पर फिर से गैंगवार, बदमाशों के हाथों में लाठी-डंडे, सड़कों पर बहा खून और की गई कार से कुचलने की कोशिश - राजधानी बनी जंगलराज की तस्वीर! गृहमंत्री बंगाल फाइल्स एंजॉय कर रहे हैं यहां उनकी अपनी फाइल्स दागदार होती जा रही है...सीएम विष्णुदेव साय और गृहमंत्री बताएं, क़ानून व्यवस्था छुट्टी पर है या अपराधियों को खुली छूट दे रखी है?

पीड़ित वैभव सिंह ऑप्टिकल का व्यवसाय करता है। 11 सितंबर की शाम वह अपनी कार में मोहम्मद अमन और आकाश ठाकुर के साथ गोल चौक से सुंदर नगर की ओर जा रहा था। तभी शाम 7:30 बजे वासुदेव हॉस्पिटल के पास शाहरुख भंडार नाम का युवक अपनी स्कूटी को कार के सामने लाकर खड़ी कर दिया। वैभव अपनी कार से नीचे उतरा तभी राजिक नाना, गौरव हेपट, शुभम मिश्रा और अन्य आरोपी एक दूसरी कार से पीछे की तरफ से आ गए। उन्होंने पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज शुरू कर दी। फिर हॉकी स्टिक और नुकीली चीज से वैभव के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान लड़कों ने लाठी से कार का कांच तोड़ दिया।

# आधे शहर को नहीं मिला पीने का पानी

- भाठागांव में यातायात का लगा लंबा जाम
- भाठागांव राइजिंग प्लांट में मरम्मत सुधार एवं मरम्मत का कार्य जारी
- लीकेज हुआ ट्रेस आउट शाम तक होगा पूरा कार्य

**रायपुर, 13 सितंबर।** शहर में जहां अनबरत वर्षा से परेशान है वहीं भाठागांव के फिल्टर प्लांट में आई खराबी के कारण आज आधे शहर में जल की आपूर्ति नहीं हो पाई जिसके कारण राजधानी में सुबह से ही पानी के लिए लोग परेशान रहे। वहीं रिंग रोड में लंबा जाम लगने से यातायात प्रभावित हुआ। बाहर से आने जाने वालों को संतोष नगर के रास्ते से होकर आना पड़ा। राजधानी के आधे शहर को आज पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई। पिछले दिनों जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत ईदगाह भाठा टंकी में आई तकनीकी खराबी के कारण, विभिन्न वार्डों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिससे लोग परेशान है। मिली जानकारी के अनुसार भाठागांव चौक के पास पाइप लाइन की मरम्मत एवं सुधार का कार्य होने के कारण आज राजधानी के 28 पानी टंकियों तथा 80 एमएलडी पानी भरने वाली में पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई है। जिसके कारण कुल 32 से अधिक पानी टंकियों में जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। नगर निगम के अनुसार आज सुबह राइजिंग मेन पाइप लाइन में लीकेश पाइप के ट्रेस होते ही लिकेज एवं मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया गया जो कि प्रगति पर है। इसके पश्चात 32 पानी जलटंकियों का जलभराव किया गया। आज राजधानी के भाठागांव के पास मरम्मत एवं सुधार का कार्य चल रहा है। जिसके कारण अब 14 सितंबर को सुबह जल प्रवाह सामान्य होगा। आज राजधानी के ईदगाहभाठा, कबीर नगर, डीडी नगर तथा गुढ़ियारी सहित अन्य स्थानों पर पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई है। जिसके कारण लोग परेशान रहे।



#### लीकेज ट्रेस आउट, देर शाम तक स्थिति सुधरेगी : कार्यपालन अभियंता

नगर निगम के कार्यपालन अभियंता फनेंद्र ने बताया कि पिछले कई दिनों से पाइप लाइन में लीकेज था लेकिन यह ट्रेस नहीं हो रहा था हमने बीती रात को फिल्टर प्लांट से पानी दिया है ताकि लोगों को सुबह पानी मिल सके। आज सुबह से ही लीकेज ट्रेस आउट हो गया।

जिसके कारण सुधार का कार्य जारी है। यह दोपहर तक पूरा हो जाएगा। कल सुबह से जलापूर्ति सामान्य हो जाएगी।

#### यातायात हुआ प्रभावित

भाठागांव फिल्टर प्लांट के पास निर्माण एवं मरम्मत कार्य होने के कारण आज यातायात प्रभावित हुआ। जिसके कारण दूर जाने वाले लोगों को बहुत परेशानी हुई। राजधानी से भिलाई की ओर आने जाने वाले को यातायात जाम होने से काफी परेशानी होना पड़ा। नगर निगम सूत्रों के अनुसार फिल्टर वाटर प्लांट में सुधार कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। लोगों को संतोषी नगर से होकर आना पड़ा।

ज्ञात रहे जोन क्रमांक पांच की टंकी में भी गत दिनों तकनीकी खराबी आ गई थी जिसके कारण डंगनिया डीडी नगर लाखेनगर, लक्ष्मीनारायण दास वार्ड एवं हनुमान नगर, चंद्रशेखर नगर में जल आपूर्ति प्रभावित हुआ।

### छग आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ विभिन्न मांगों को लेकर संचालनालय का घेराव करेगा 16 को

**रायपुर, 13 सितंबर।** आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ विभिन्न मांगों को लेकर 16 सितंबर को संचालनालय का घेराव करेगा। इस अवसर पर संघ के कर्मचारी मांगों की पूर्ति के लिए तूता धरनास्थल पर एकदिवसीय धरना भी देंगे। कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं होती है तो कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन आंदोलन करेगा। धरने में प्रदेश भर से 11 हजार से अधिक कर्मचारी अपनी मांगों की समर्थन में शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रांताध्यक्ष धन्नूलाल देवांगन ने देते हुए बताया कि उनकी मांगों में तीन सूत्रीय मांगे अहम है। विभाग को कई बार अवगत कराने के बावजूद भी अब तक मांग की पूर्ति नहीं हुई है। आदिवासी विभाग के छात्रावासों की संख्या पूरे प्रदेश में 3357 है। जिसमें प्रदेश भर के 15 हजार कर्मचारी कार्यरत है। यह सभी धरने में शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मांगों को लेकर जिनमें वेतन वृद्धि भी शामिल है।

**सियासी हलचल** — दंतेवाड़ा में सर्चिंग के दौरान हुआ था घायल; परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन

# आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान से मिले उपमुख्यमंत्री शर्मा

**रायपुर, 13 सितम्बर।** गृहमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर के नारायण अस्पताल पहुंचकर घायल छत्तक्क जवान से मुलाकात की है। दंतेवाड़ा के मालवाही इलाके में आईईडी विस्फोट में आलम मुकेश घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें रायपुर लाया गया था।

शनिवार को गृहमंत्री विजय शर्मा मुकेश से मिले और उनका हालचाल जाना। शर्मा ने घायल जवान के स्वास्थ्य को लेकर अस्पताल प्रबंधन व डॉक्टरों से विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



**हिम्मत और जज्बे की सराहना की :** डॉक्टरों ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि जवान की स्थिति स्थिर है और उन्हें बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। विजय शर्मा ने जवान से बातचीत कर उनकी हिम्मत और जज्बे की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर स्थिति में अपने सुरक्षाबलों के साथ खड़ी है। जवानों का साहस और समर्पण ही नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाली का आधार है।

**परिवार की मदद का दिया आश्वासन :** मुलाकात के दौरान उपमुख्यमंत्री ने जवान को विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार उनके परिवार की हर संभव मदद करेगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को भी जवान के इलाज में किसी तरह की कमी नहीं आने देने के निर्देश दिए।

प्रदेश में नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों की बहादुरी को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लगातार सुरक्षा बलों के मनोबल को बढ़ाने के लिए काम कर रही है। घायल जवानों और शहीद जवानों के परिवारों को हर स्तर पर सहयोग दिया जाएगा।

# रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका

**रायपुर, 13 सितम्बर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में शनिवार सुबह एक अज्ञात युवक की लाश मिली है। स्थानीय लोगों ने सुबह मैदान में युवक का शव पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना सरस्वती नगर थाना क्षेत्र की है।

सूचना के बाद मौके पर पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम भी पहुंची। शुरुआती जांच में मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 साल बताई जा रही है। शव पर चोट के निशान भी मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत सामान्य परिस्थितियों में नहीं हुई है। पुलिस ने आसपास के इलाके में पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि मृतक की पहचान हो सके। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।



स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26